भीलवाड़ा, बुधवार 6 नवंबर, 2024

RNI NO. RAJHIN/2016/74127

# नमस्ते राजस्थान

वर्ष: 09: अंक: 01 | E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com | भीलवाड़ा संस्करण | पृष्ठ 08 मूल्य 4 रुपए हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र | मो. 9214417111, 8005910698



## भीलवाड़ा की पावनधरा पर कल पहली बार पधारेंगे बागेश्वरधाम सरकार

# स्वागत के लिए आतुर भीलवाड़ावासी

## दादीधाम मंदिर से कथास्थल तक भव्य कलश शोभायात्रा से माहौल हुआ भक्तिमय

नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा।** विख्यात आध्यात्मिक गुरू व कथावाचक बागेश्वरधाम सरकार धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज धर्मनगरी भीलवाड़ा की पावनधरा पर पहली बार बुधवार सुबह पहुंचेगे। उनके मुखारबिंद से छोटी हरणी हनुमान टेकरी स्थित काठिया बाबा आश्रम के महन्त श्री बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में श्री टेकरी के हनुमानजी कथा समिति के तत्वावधान में बुधवार से 10 नवम्बर तक तेरापंथनगर के पास कुमुद विहार विस्तार में आरसीएम ग्राउंड कथास्थल पर श्री हनुमन्त कथा का भव्य आयोजन हो रहा है। इसके लिए आयोजन समिति द्वारा अध्यक्ष विधायक गोपाल खण्डेलवाल, संरक्षक प्रकाश छाबड़ा एवं संयोजक आशीष पोरवाल के नेतृत्व में बुधवार शाम तक सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक होगी। आयोजन के तहत 8 नवम्बर को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक बागेश्वरधाम सरकार का दिव्य दरबार लगेगा। भीलवाड़ा में पहली बार हो रहे इस विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे जिले में ही नहीं आसपास के क्षेत्रों में भी उत्साह का माहौल बन चुका है ओर हर कोई भक्त बागेश्वरधाम सरकार के दर्शन पाने के लिए आतुर नजर आ रहा है। आयोजन की पूर्व संध्या पर मंगलवार शाम हनुमानजी महाराज के जयकारों की गूंज के बीच दादीधाम मंदिर से कथास्थल तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। काठिया बाबा आश्रम के महन्त श्री बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में निकाली गई इस शोभायात्रा में आयोजन की महिला प्रमुख मंजू पोखरना के नेतृत्व में 2100 मंगल कलश सिर पर धारण किए मातृशक्ति उत्साह से शामिल हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे दुर्गाशक्ति के रूप में घोड़े पर महिलाएं सवार थी। बग्गियों में हरिशेवाधाम के महामंडलेश्वर हंसरामजी महाराज, लालबाबा श्यामदास, हाथीभाटा आश्रम के महन्त संतदास महाराज, गोपालद्वारा सांगानेर के महन्त गोपालदास महाराज आदि संत महात्मा सवार थे। शोभायात्रा को भव्यता व गरिमा प्रदान करने के लिए चुनरी पहने हुए हजारों महिलाएं सिर पर कलश धारण करके चल रही थी। शोभायात्रा के तेजसिंह सर्किल होते हुए कथास्थल पहुंचने पर आयोजन समिति के अध्यक्ष विधायक गोपाल खण्डेलवाल, संरक्षक प्रकाश छाबड़ा, संयोजक आशीष पोरवाल के नेतृत्व में स्वागत किया गया। कलश शोभायात्रा को सफल बनाने में अर्चना सोनी, ममता शर्मा, दीपिका पाटनी, रेखा शर्मा, संतोष जागेटिया, बबिता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, कविता लाटा, सुमन अजमेरा, नीलम शेखावत, भारती बाहेती, निशा सोनी, लीला राठी, आशा चौधरी के साथ गोपीदादा ओमप्रकाश बच्छ, लोकेश व्यास, मुकेश शर्मा, तरूण जैन आदि का सहयोग रहा।





हनुमन्त कथा के भव्य विशाल आयोजन के लिए लिए पूरी हुई तैयारियां



## कथास्थल पर लाखों श्रद्धालुओं के लिए तैयारियां पूरी

श्री हनुमन्त कथा श्रवण कराने के लिए बागेश्वरधाम सरकार पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बुधवार सुबह हमीरगढ़ हवाईपट्टी पर उतरेंगे। उनका आयोजन समिति द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक आशीष पोरवाल ने बताया कि समिति के सभी सदस्यों एवं विशेषकर छोटी हरणी के निवासियों के सहयोग से व्यापक तैयारियां की गई है। कथा स्थल पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुजन बैठ सके इसकी व्यवस्था की गई है। करीब पौने दो लाख वर्ग फीट का विशाल डोम लगाया गया है। इसके साथ पांडाल में 40 से अधिक विशाल एलईडी भी लगाई गई है। कथा समिति द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया,राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, उप मुख्यमंत्री दीयाकुमारी व डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चित्तौड़गढ़ सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आदि को आमंत्रित किया गया है। आयोजन में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी एवं नगर निगम महापौर राकेश पाठक सम्मानित अतिथि होंगे। आयोजन में किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए प्रशासन व पुलिस के स्तर पर भी पूरा सहयोग मिल रहा है। विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठन भी इस आयोजन के लिए सहयोग प्रदान कर रहे है। आयोजन समिति के संरक्षक त्रिलोकचंद छाबड़ा, महावीरसिंह चौधरी,कैलाशचन्द्र कोठारी, उमरावसिंह संचेती, सम्पतराज चपलोत, महासचिव श्यामसुंदर नौलखा, कोषाध्यक्ष राकेश दरक, उपाध्यक्ष कैलाशचन्द्र योगेश लड्ढा, चितवन व्यास, नवनीत सोमानी, राधेश्याम बहेड़िया, बनवारीलाल मुरारका, दिनेश नौलखा, मुकेश खण्डेलवाल, दिनेश बाहेती, सचिव हेमेन्द्र शर्मा, सहसचिव राजेन्द्र कचोलिया, संयुक्त सचिव दिलीप काष्ट, सचिन काबरा, राजकमल अजमेरा, धर्मराज खण्डेलवाल, कांतिलाल जैन, उज्जवल जैन समिति के कई पदाधिकारी आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए है।

## हनुमंत कथा के उपलक्ष में निकाली भव्य कलश यात्रा

### मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व कई गणमान्य व राजनेता करेगे हनुमंत कथा में शिरकत

नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा** में दिनांक 06 नवंबर को हनुमान कथा धीरेन्द्र शास्त्री हनुमान उपासक के मुर्खाविंद से होगी। जिसके पूर्व उपलक्ष में दिनांक 05 नवंबर 2024 को विशाल एवं भव्य कलश शोभायात्रा दादी धाम मंदिर से कथा स्थल तक निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में धर्म प्रेमी बंधु व महिलाओं ने केसरिया पगड़ी पहन केसरिया ध्वज उठाए सनातन धर्म के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। जब कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में अपनी भागीदारी व उपस्थिति दर्ज कराई तो हनुमान कथा की कमेटी का तो यह मत है कि साक्षात हनुमंत कृपा से पांच दिनो के अंदर भीलवाड़ा व उसके नजदीक गांवो व राजस्थान से कितनी अपार जनसंख्या कथा सुनने के लिए आएगी जिसका अंदाजा लगाना असंभव है। महंत बनवारी शरण (काठिया बाबा) जिनके सानिध्य व अथक प्रयासो से इस भव्य सनातन महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा हैं महंत बनवारी शरण पिछले लम्बे समय से इस कथा के आयोजन को कराने के लिए प्रयासरत थे



साथ ही इनके सानिध्य में विधायक गोपाल शर्मा खंडेलवाल भीलवाड़ा के बड़े भू - व्यवसायी प्रकाश छाबडा व इनके बड़े - बड़े व्यवसायी संयोगी कार्यक्रम को सफल बनाने में हर संभव प्रयासों में पूर्ण रूप से समर्पित हो रहे है काटिया बाबा द्वारा भीलवाड़ा की जनता के लिए यह आयोजन जन्मो - जन्मों तक याद रखा जाएगा व भीलवाड़ा की जनता के संयोग से समय समय पर आयोजित किए जाएगे सूत्रो से प्राप्त जानकारी अनुसार इस महाकुम्भ में राजस्थान के यशस्वी मुख़्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी दिनांक 6 नवंबर को शिरकत करेगे जिसकी प्रशासन ने तैयारियां पूर्ण कर ली है।

## हर दिशा में होंगी वाहन पार्किंग व आवागमन की व्यवस्था

भीलवाड़ा व अन्य स्थानों से बागेश्वरधामजी महाराज के दर्शन व कथा श्रवण के लिए आने वालों को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए समुचित प्रबंध किए गए है। अलग-अलग दिशाओं से मार्ग तय किए गए है ताकि आगमन ओर निकलने में कोई परेशानी नहीं आए। वाहनों की पार्किंग की भी कथास्थल से जुड़े मार्गो पर पूरी व्यवस्था की गई है। कथा में आमजन ओवरब्रिज की तरफ से, हनुमानजी के मंदिर, हरिशेवा की जमीन, समेलिया फाटक व टेकरी के बालाजी मंदिर के पहले के गेट से प्रवेश कर सकेंगे। इसी तरह शहर से आने वालों के लिए श्रीनाथपुरम, 100 फीट रोड तथा सेवा सदन स्कूल का खेल मैदान पर पार्किंग होंगी। हरणी महादेव या मंगरोप की ओर से आने वालों के लिए पंचवटी में पार्किंग रहेगी। चित्तौड़ रोड व समेलिया फाटक से आने वालों के लिए फाटक के पास करीब 25 बीघा भूमि पर पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या व परेशानी नहीं आए इसके लिए कथास्थल व प्रमुख मार्गो पर पेयजल आदि सुविधाओं का भी प्रबंध रहेगा।

**आशीष पोरवाल**
**संयोजक**
**श्री टेकरी के हनुमानजी कथा समिति,भीलवाड़ा**












# मरूगंगा लूणी नदी के कातिलों का पदार्फाश



*नमस्ते राजस्थान@ **सच बेधड़क की टीम पर दूषित गठजोड़ ने किया हमले का प्रयास!**, बालोतरा में सीईटीपी ट्रस्ट की ओर से लूणी नदी में रासायनिक पानी डालने का किया था पदार्फाश, जिला क्लेक्टर, प्रदूषण बोर्ड क्षेत्रीय अधिकारी, रिको क्षेत्रीय प्रबंधक की मौन सहमति या मिलीभगत?, बालोतरा कवरेज स्थल पर ट्रस्ट के भेजे बदमाशों की ओर से घेरा डाल डराने का हुआ प्रयास, आउटपुट एडिटर ने शाम में ही रढ बालोतरा को इस बात की दे दी थी सूचना, इन हालातों में भी सच बेधड़क की टीम ने मौके से किया लूणी नदी के कातिलों का पदार्फाश, इस बड़े मामले के खुलासा होने से बौखलाया दूषित गठजोड़, शाम में बालोतरा होटल में जैसे ही पहुँची टीम तो चार से पाँच गाड़िया करने लगी पीछा, एसपी बालोतरा को टीम ने किए कई फोन लेकिन फोन हुए नो रिप्लाई, बालोतरा शहर से ही 5 गाड़ियों ने शुरू कर दिया चैनल की गाड़ी का पीछा, एसपी के फोन लगातार नो रिप्लाई होने पर टीम ने आईजी विकास कुमार से किया संपर्क, आईजी जोधपुर रेंज ने तत्काल लिया मामले में संज्ञान, जिले की पुलिस को किया अलर्ट और पुलिस को भेजा मौके पर, सीओ सिवाना नीरज शर्मा ने दिखाई मुस्तैदी और चैनल की टीम की करवाई सुरक्षित वापसी, बालोतरा में दूषित गठजोड़ कितना मजबूत है इससे होता है साफ।*

## शॉर्ट सर्किट से आधी रात के बाद धधकी आग 6 दमकलों ने 4 घंटे में 30 राउंड में पाया काबू

**भरतपुर।** रेलवे स्टेशन बजरिया में एक कपड़े की दो मंजिला दुकान और गोदाम में शॉर्ट सर्किट से भयंकर आग लग गई। भीषणता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आग की काबू पाने में छह दमकलों को 30 राउंड लगाने पड़े। त हुए इस अग्निकांड की तपिश शाम सात बजे तक महसूस हुई। परिसर में आगजनी से सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी। दुर्घटना में लाखों रुपए के कपड़े, साड़ियां, कंबल इत्यादि जल गए।

रेल्वे स्टेशन रोड स्थित में डेयरी बूथ के पीछे वाली गली में मुरारीलाल रविकुमार फर्म कपड़ों की बड़ी दुकान है। सड़क की ओर दो शटर वाली इस दुकान के पीछे और पहली मंजिल पर गोदाम भी था। पहली मंजिल पर पीछे की ओर बने कमरों में ही व्यापारी रविकुमार का निवास था। जिसमें वह पत्नी और बेटे के साथ रहता था। रात डेढ़ बजे व्यापारी के बेटे प्रखर गुप्ता को धुआँ महसूस हुआ। उसने अपने पिता को जगाया। बेटे घर में आने जाने वाली सीढ़ियों से उतर कर देखा तो दुकान में आग और धुआं दिखाई दिया। इस पर उन्होंने भाग कर मुख्य रोड पर स्थित पुलिस चौकी पर जानकारी दी। आग की भीषणता को दुकान-गोदाम में इतना माल भरा था कि कपड़ों की गांठें सीढ़ियों में रखी हुई थी। इन्हीं से ऊपर के गोदाम तक आग पहुंचने की आशंका है। पूरे माल के धधकने से छतों की पट्टियां तड़क गई। झीने की सीढ़ियां टूटकर गिर गई। आयुक्त के अनुसार इस हिस्से में 3 घरेलू गैस सिलेंडर रखे थे। आग उस हिस्से में पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

**पहले चाबी नहीं मिली फिर तपिश बढ़ी :** प्रतिष्ठान के भीतर ही आवास होने के कारण शटरों पर भीतर से भी ताले लगाए जा सकते थे। फाइटर्स के अनुसार अंदर आग लगी थी। ऐसे में निवास के रास्ते नहीं घुसा जा सकता था। आग लगने पर दुकान की चाबी सही समय पर नहीं मिली। मजबूत शटर बाहर से आसानी से नहीं तोड़े जा सकते थे। चाबी मिलने तक लॉक इतना गर्म हो चुका था की मैटल पिघलने लगा था। ऐसे में ताला नहीं खोला जा सका। शटर को तोड़ने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

**बौछार के लिए तोड़नी पड़ी दीवार :** छोटी गली होने के कारण अग्निशमन वाहन परिसर तक नहीं पहुंच सके।

## खुशहाली की कामना को लेकर घासभैरु की सवारी निकाली



**इटावा।** दीपोत्सव के अंतिम दिन नगर के लोगों को निरोगी रखने व नगर की खुशहाली की कामना को लेकर इटावा में घासभैरु की सवारी निकाली गई। मिडिल स्कूल के पास घासभैरु के थानक पर नगरपालिका अध्यक्ष रजनी सोनी व गांव पटेल महावीर मीणा ने प्रबुद्धजनों के साथ घास भैरुजी की विधि विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद बैलों की जोड़ी जोतकर जयकारों के साथ घास भैरुजी की सवारी हुई। सवारी निकलने के दौरान लोगों ने घासभैरु को कामी व तेल चढ़ाकर खुशहाली की कामना की। पुराने बाजार, टंकी मोहल्ले से शारदा स्कूल, कोटा रोड, गेता रोड, हाट मैदान, ट्रस्ट के पास होती हुई अस्पताल के पास होते हुए गंतव्य पहुंची। सवारी को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहा। इस दौरान जगह जगह आतिशबाजी की गई। थानाप्रभारी मांगेलाल यादव जाब्ते के साथ मौजूद रहे।

## रामगंज मंडी में फंदे पर लटका मिला युवक

### घर पर परिवार पहुंचा तो कमरे का गेट अंदर से बंद था, पुलिस कर रही है हर एंगल से जांच

**रामगंज मंडी।** रामगंज मंडी में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक मजदूरी का काम करता था। सुबह घर के लोग भाई दूज त्योहार मनाने बाहर गए थे, तब युवक ने कमरे को पीछे से बंद कर पंखे पर रस्सी का फंदा डाला। परिवार दोपहर बाद घर लौटे, तो कमरे का गेट अंदर से बंद था। आवाजें देने पर गेट नहीं खुला, जिसके बाद पड़ोसियों से मदद लेकर गेट तोड़ा गया।

सूचना मिलने पर रामगंज मंडी पुलिस मौके पर पहुंची और युवक का शव पंखे से उतारकर सीएचसी रामगंज मंडी ले जाया गया, जहां परिवार की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम किया गया। शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल युवक की आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है, इस संबंध में पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रामगंज मंडी एसएचओ अशोक मीणा ने बताया कि सुबह करीब 11:30



बजे खैराबाद में बैरवा बस्ती निवासी दुर्गालाल (25) पुत्र कालूलाल ने अपने ही मकान में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की। घटना के समय परिवार बाहर गया हुआ था। मृतक के परिवार में उसका बड़ा भाई सोनू और दो बहनें सहित माता-पिता हैं।

जानकारी के अनुसार, युवक शराब का आदी था और रोजाना सुबह से ही शराब का सेवन करता था। हालांकि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामगंज मंडी हॉस्पिटल की मोर्चरी में शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### सुकेत में सुने मकान में चोरी

## 2 लाख रुपए नगदी चुरा ले गए, दीपावली का त्यौहार मनाने गांव गया था परिवार

**रामगंज मंडी।** रामगंजमंडी के सुकेत में देर रात चोरों ने जुल्मी रोड़ स्थित एक सुने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर देर



रात मकान के ताले तोड़कर घर मे घुसे और आलमारी का ताला तोड़ 2 लाख रुपए की नगदी लेकर फरार हो गए। सुबह 9 बजे पीड़ित परिवार जब घर पहुंचा तो वारदात का पता चला। इसके बाद पीड़ित परिवार ने थाने में चोरी की शिकायत दी है। पीड़ित रत्तिराम बैरवा चलते गांव उम्मेदपूरा में परिवार के साथ त्यौहार मनाने गए थे। घर मे ताला लगा हुआ था। घर मे एक किरायेदार भी रहते है, लेकिन वो भी रात को ड्यूटी पर गए थे। ऐसे में चोर सुने मकान में घुसे और ताले तोड़कर आलमारी में रखी 2 लाख रुपए की नगदी चुराकर ले गए। गहने पत्नी पहनकर गई थी। जिस कारण वह बच गए। सुबह किराए दार जब ड्यटी से लौटे तो अंदर से दरवाजे की कुंडी लगी हुई थी।

कुंडी खोलने के लिए पीछे के गेट से किरायेदार जब अंदर घुसे तब मामले का पता चला। उसके बाद चोरी की सूचना पर घर पहुंचे। चोर मेन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे थे। जिन्होंने दो कमरों का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। और पीछे के रास्ते से फरार हो गए।

## नोखा में स्मृति संकल्प वृक्ष अभियान : कहा-पेड़ जीवन, विकास और नवीनीकरण के प्रतीक, जगह-जगह चलेगा अभियान

**नोखा।** नोखा की श्रीगंगा गोशाला में आज चालीस से अधिक पौधे लगाए गए। इस अभियान का नाम आज से स्मृति संकल्प वृक्ष रखा जाएगा। ये अभियान केवल श्री गंगा गोशाला तक सीमित न रखते हुए इसी संस्थान के बैनर तले नोखा शहर में अनेकों जगह चलाया जाएगा। श्री गंगा गोशाला के अध्यक्ष निर्मल भूरा ने कहा कि प्रकृति कई लोगों को सुकून देती है, खासकर तब जब हम दु:ख से गुज़र रहे होते हैं। दाह संस्कार की राख में पेड़ लगाकर नुकसान से नया जीवन पैदा करते हैं, जिससे आपके प्रियजन को पेड़ के रूप में जीने का मौका मिलता है।

संस्थान से जुड़े पवनकुमार पारीक ने बताया कि स्मृति संकल्प वृक्ष एक समावेशी अवधारणा है, जो लोगों को पर्यावरण में रचनात्मक रूप से योगदान करने देती है, ये आपको आपके किसी प्रियजन की याद में एक पेड़ लगाने का अवसर प्रदान करता है, जो इस दुनिया में शारीरिक रूप से आपके साथ नहीं हैं। सभी पौधों पर नाम की एक प्लेट लगाई जाएगी,



ताकि पौधा बढ़ने के साथ-साथ उसकी पहचान हमारे प्रियजन के नाम से रहे। इन पेड़ो के संरक्षण के लिए पूरी टीम तैयार है।

पारीक ने बताया-स्मृति संकल्प वृक्ष में माध्यम से हरित नोखा तथा पर्यावरण के हर छेत्र में प्रदेश में नोखा को अव्वल बनाने के साथ हमारा उद्देश्य है इसके साथ ही पर्यावरण, जैव विविधता, जीव सुरक्षा नैचुरल हेबीटेट, जैव विविधता, संसाधनों का प्रदूषण या संदूषण, आर्द्रभूमि और पारिस्थितिकी तंत्र का क्षरण, मिट्टी का कटाव जैसे विषयों पर नोखा शहर को जागरूक करना है। प्रत्येक पेड़ की जिओ ट्रैकिंग करवाकर इनका सरक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर सुमन पारीक, अनचीदेवी डागा, पार्वती देवी लूनिया, मांगीलाल सुराना, रामेश्वर लाल दरक, सोहनी देवी भूतड़ा, अखाराम तावनीया, सियाराम तावनीया, मोहनी देवी बुच्चा की स्मृति में पेड़ परिवारजनों ने लगाये गये। प्रथम चरण में एक हज़ार छायादार वृक्ष श्री गंगा गोशाला में ही लगाये जाएंगे। अभी तक 100 पेड़ लग चुके है। उसके बाद अन्य उपयुक्त स्थानों का चयन करके जागरूकता के साथ हरित नोखा बनाया जाएगा। प्रत्येक वृक्ष के सरंक्षण के लिये 3100 रुपए का शुल्क लिया जाएगा।

इस अवसर पर संस्थान के मंत्री कमल डागा, सतीश झंवर, सुरेंद्र भट्टड, अशोक धारनीया, संपत लाल पुरोहित, कैलाश पारीक, रमेश सारस्वत, पवन सुराणा, महेंद्र संचेती, रामकरण उपाध्याय, राजकुमार पारीक, महेन्द्र तिवाड़ी, अनिल दरक, सुनील संचेती, ओमप्रकाश पारीक, जुगलकिशोर तिवाड़ी, किशनगोपाल मोहता, ताराचंद भूतड़ा सहित असंख्य गणमान्य उपस्तिथ थे।



**रिजिजू ने दी जानकारी**

**25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा संसद सत्र**

# 'एक देश एक चुनाव' के साथ अहम विधेयकों पर होगी चर्चा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। सत्र की शुरुआत में परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। इसके अलावा शीतकालीन सत्र में संसद के दोनों सदनों में कई अहम विधेयकों पर विचार किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि सरकार 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर चर्चा करा सकती है। संसदीय परिपाटी के मुताबिक संसद सत्र के पहले सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाई जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार और लोकसभा स्पीकर सर्वदलीय बैठक भी कर सकते हैं।

> सत्र की शुरुआत परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। सरकार और स्पीकर सर्वदलीय बैठक भी कर सकते हैं।

### वक्फ कानून में संशोधन पर भी होगा विचार

संसद के शीतकालीन सत्र में 'वन नेशन वन इलेक्शन' और वक्फ कानून में संशोधन के लिए पेश विधेयक पर चर्चा के आसार हैं। विपक्ष के आक्रामक तेवरों को देखते हुए आगामी शीतकालीन सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। गौरतलब है कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। अब शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित कराने पर जोर दिया जाएगा।

### चीन से समझौते पर विदेश मंत्री का बयान भी होगा

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर करीब चार साल से जारी तनातनी के बीच चीन से बनी सहमति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर संसद के दोनों सदनों में बयान देंगे। गौरतलब है कि लंबी खींचतान के बाद एलएसी पर दोनों देशों की सेना ने गश्त की शुरुआत की है। इसके अलावा इसी सत्र में जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने संबंधी विधेयक के भी पेश होने के आसार हैं।

### केंद्रीय कक्ष में विशेष बैठक का आयोजन

सरकारी सूत्रों के अनुसार 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में विशेष संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाएगा। संविधान के महत्व को रेखांकित करने सरकार ने व्यापक योजना बनाई है।कई भित्त चित्र का निर्माण, संविधान सभा की बहसों का लगभग दो दर्जन भाषाओं में अनुवाद करना और सार्वजनिक मार्च का आयोजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

### जेपीसी रिपोर्ट तैयार करने में जुटी

सत्र के दौरान हालांकि कई विधेयक पेश किए जाएंगे, मगर सबकी निगाहें वक्फ विधेयक और एक देश एक चुनाव विधेयक पर होगी। वक्फ विधेयक पर सरकार और विपक्ष के बीच जारी जबर्दस्त खींचतान के बीच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। दूसरी ओर एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है। दोनों ही विधेयकों का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### बसपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश की 9सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा के 40 स्टार प्रचारकों में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा हैं, जबकि पार्टी के युवा चेहरे नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद को तीसरे स्थान पर रखा गया है। इसमें विश्वनाथ पाल, समसुद्दीन राईन भी है।

### सलमान को धमकी देने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** एक्टर सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सलमान खान के नाम पर ट्रैफिक पुलिस को धमकी देने वाले शख्स को कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया है। शख्स का नाम विक्रम है। विक्रम को मुंबई लाया जाएगा। उसने 5 करोड़ की फिरौती की मांग की है।

### 3 राज्यों में सोना-चांदी समेत लाखों रुपए जब्त



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने झारखंड के निम्बू पहाड़ में अवैध पत्थर खनन घोटाले में 3 राज्यों में 16 स्थानों पर तलाशी ली। सीएम हेमंत सोरेन के सहयोगी पंकज मिश्रा जांच के दायरे में हैं। साहिबगंज में 11 , रांची में 3,पटना और कोलकाता में 1-1 स्थान से 50 लाख नकद, एक किलो सोना एक किलो चांदी और करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए हैं।

### अनाथ मासूम की जिम्मेदारी लेंगे धामी



**अल्मोड़ा।** बस हादसे में अपने माता-पिता को खोने वाली मासूम शिवानी की देखभाल की जिम्मेदारी धामी सरकार उठाएगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अल्मोड़ा के मार्चुला में हुए बस हादसे से हम सभी के हृदय को गहरा आघात पहुंचा है। धामी ने कहा कि सरकार ने दुर्घटना में अपने माता-पिता को खोने वाली शिवानी की देखभाल और शिक्षा का संकल्प लिया है।

### बिना जेईई,एडवांस्ड दिए आईआईटी से करें बीटेक



**कानपुर।** आईआईटी कानपुर अब बीटेक और बीएस कोर्स में ओलंपियाड के जरिए भी एडमिशन देगा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से 17 विद्यार्थियों को बिना जेईई मेन व जेईई एडवांस्ड दिए ओलंपियाड रैंक के आधार पर दाखिला मिलेगा। ओलंपियाड में प्रदर्शन के आधार पर 6 विभागों में दाखिले होंगे। शॉर्टलिस्ट के लिए ओलंपियाड से रैंक लिस्ट तैयार होगी।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज ने झारखंड में किया भाजपा सरकार बनने का दावा

# भाजपा रोटी, बेटी, माटी को बचाने कृतसंकल्पित सोरेन की सरकार सूखे पत्ते की तरह उड़ जाएगी

एजेंसी ⏭ दुमका

झारखंड विधानसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ चुका है। दुमका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस धरती की रोटी, बेटी, माटी को बचाने के लिए झारखंड की जनता संकल्पबद्ध है। इसी संथाल परगना में आदिवासी भाई-बहनों की आबादी सिर्फ 28% बची है, कभी यह 44% थी। इस संकट को यहां की जनता ने पहचाना है और इस बार परिवर्तन की लहर चल रही है, हेमंत सोरेन की सरकार सूखे पत्ते की तरह उड़ जाएगी और भाजपा की सरकार बनेगी।शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा कि जेएमएम और कांग्रेस के नेताओं ने जनता के खून-पसीने की कमाई पर डाका डाला। उनके सपनों को छला। अब एक बार फिर झारखंड की जनता को ठगने आए हैं, हम इनके मंसूबे सफल नहीं होने देंगे। झारखंड वासियों के विश्वास और समर्थन से यह सुनिश्चित हो गया कि यहां भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी।

> चौहान ने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस के नेताओं ने जनता के खून-पसीने की कमाई पर डाका डाला

**संथाल में आदिवासी भाई-बहनों की आबादी सिर्फ 28% बची है, कभी यह 44% थी**

**दुमका में चुनावी रैली को किया संबोधित**

### जेएमएम- कांग्रेस तो 'कुंभकर्ण से भी बड़े'



शिवराज ने कहा कि झारखंड की जेएमएम-कांग्रेस की सरकार में जनता सुखी नहीं है। इस सरकार ने पूरे झारखंड को तबाह और बर्बाद करने का पाप किया है। झारखंड में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं है। सोरेन सरकार सो रही है। रावण का भाई कुंभकर्ण 6 महीने सोता था और 6 महीने जागता था। जब जागता था तो केवल खाता ही रहता था, लेकिन ये जेएमएम और कांग्रेस के कुंभकर्ण तो 12 महीने ही खाते रहते हैं।

**राजनाथ ने भी साधा निशाना**

### झामुमो गठबंधन को बताया फुस्स पटाखा



लोहरदगा । लोहरदगा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के 3 स्पीड ब्रेकर हैं। विकास के 3 ठोकर हैं-जेएमएम आरजेडी और कांग्रेस। इनका गठबंधन एक फुस्स पटाखा है।

**खरगे ने योगी पर किया पटवार**

### बांटने वाले भी तुम और काटने वाले भी..



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सीएम योगी के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बांटने वाले भी तुम हो और काटने वाले भी। खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर निशाना साधा।

**झामुमो-कांग्रेस-सीपीएम का संयुक्त घोषणा पत्र**

### सरना धर्म कोड समेत 7 गारंटियों का किया जिक्र



रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआईएम) ने संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया है। घोषणा पत्र में सरना धर्म कोड समेत कई बड़े वादे किए गए हैं। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा की तरफ से सीएम हेमंत सोरेन के अलावा राष्ट्रीय जनता दल, वाम दल और गठबंधन पार्टियों के सहयोगी नेता भी मौजूद रहे। इसे गठबंधन ने न्याय पत्र का नाम दिया है।

**घोषणा पत्र की खास बातें**

- महिलाओं को 2500 सम्मान राशि का वादा
- एससी-एसटी और अओबीसी समेत अल्पसंख्यकों के हितों के संरक्षण का वादा। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन का वादा।
- सरकार प्रति व्यक्ति सात किलो राशन वितरण करेगी।
- राज्य के हर गरीब परिवार को 400 रुपए में गैस सिलिंडर दिया जाएगा।
- 10 लाख युवक-युवतियों को नौकरी और रोजगार का वादा।
- 15 लाख रुपए तक पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा की गारंटी।
- सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे।
- फसलों के लिए एमएसपी 2400 से बढ़ाकर 3200 रुपए करने का वादा।

**मुडा घोटाला में सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ीं**

# लोकायुक्त के सामने होंगे पेश, सीबीआई करेगी जांच



एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मुडा घोटाले के मामले में लोकायुक्त के सामने पेश होने की पुष्टि कर दी है। लोकायुक्त ने घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए सीएम सिद्धारमैया को समन जारी किया था। मंगलवार को सीएम हुबली धारवाड़ इलाके में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मीडिया ने उनसे पूछा कि क्या वे लोकायुक्त के सामने पेश होंगे तो इस पर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि मैं बुधवार सुबह 10 बजे जा रहा हूं।

- सिद्धारमैया को बुधवार को बुलाया

लोकायुक्त पुलिस ने सिद्धारमैया को समन जारी कर 6 नवंबर को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। इससे पहले सीएम की पत्नी पार्वती से इस मामले में 25 अक्टूबर को पूछताछ हो चुकी है। साथ ही पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी और देवाराजू से भी पूछताछ हुई है।

### पत्नी के भाई ने जमीन गिफ्ट की

देवाराजू से ही मल्लिकास्वामी ने जमीन खरीदकर अपनी बहन पार्वती को उपहार स्वरूप दी थी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने किसी भी गड़बड़ी से इनकार किया है और कहा है कि विपक्ष उनसे डरा हुआ है, जिसकी वजह से उन पर आरोप लगाए जा रहे हैं। मुडा घोटाले के मामले में ईडी ने भी मुडा के पूर्व आयुक्त डीबी नातेश से पूछताछ की थी।

### उच्च न्यायालय ने भी नोटिस थमाया

सिद्धारमैया को अब कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भी नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने स्नेहमयी कृष्णा की रिट याचिका पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य को नोटिस जारी किया है। याचिका में मुडा घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश देने की मांग की गई है।

### यह है मुडा घोटाला

मुडा (मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी) घोटाला करीब 3.2 एकड़ जमीन के घोटाले से जुड़ा है। इस जमीन के एवज में मुडा ने सीएम सिद्धारमैया की पत्नी को प्लॉट आवंटित किए थे। आरोप है कि इन प्लॉट के आवंटन में कथित अनियमितता बरती गई। दरअसल मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने साल 2010 में 3.2 एकड़ जमीन उपहार स्वरूप दी थी। बाद में यह जमीन मुडा द्वारा किए गए जमीन अधिग्रहण के दायरे में आ गई। जमीन अधिग्रहण के बदले पार्वती ने मुआवजे की मांग की तो मुडा ने उन्हें 14 प्लॉट आवंटित कर दिए।

# जोशी ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

⏭ नई दिल्ली

**खुदरा बिक्री के लिए 3.69 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 2.91**

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को एनसीसीएफ, नेफेड और केंद्रीय भंडार की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। इस मौके पर राज्य मंत्री बीएल वर्मा भी उपस्थिति रहे।

दूसरे चरण में उपभोक्ताओं को 30 रुपए प्रति किलोग्राम के अधिकतम खुदरा मूल्य की दर से भारत आटा और 34 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से भारत चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। जोशी ने कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं को रियायती कीमतों पर आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ब्रांड के अंतर्गत चावल, आटा और दाल जैसे आधारभूत खाद्य पदार्थों की खुदरा बिक्री के माध्यम से प्रत्यक्ष हस्तक्षेप ने मूल्यों में स्थिरता की व्यवस्था बनाए रखने में मदद की है। दूसरे चरण में आरंभिक स्तर पर खुदरा बिक्री के लिए 3.69 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 2.91 लाख मीट्रिक टन चावल उपलब्ध कराया गया है।



### अनाज के हर दाने की खरीद की प्रतिबद्धता दोहराई

*पंजाब में धान की खरीद पर जोशी ने पंजाब में 184 लाख मीट्रिक टन अनाज की खरीद के लक्ष्य अनुमान को प्राप्त करने और किसानों की ओर से मंडियों में लाए गए अनाज के हर एक दाने की खरीद करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। 4 नवंबर तक , पंजाब की मंडियों में 104.63 लाख मीट्रिक टन धान आया, जिसमें से 98.42 लाख मीट्रिक टन की खरीद राज्य की एजेंसियों और भारतीय खाद्य निगम ने की है। यह खरीद ग्रेड 'ए' धान के लिए सरकार द्वारा तय 2320 के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है।*

### मुस्लिम महिलाओं को लेकर गडकरी ने कही बड़ी बात

# महिलाओं की सुरक्षा में जो भी अड़चन पैदा करे, उसे ठोक दो

**नागपुर के ताजबाग में गुंडागर्दी करने वालों को चेताया**

एजेंसी ⏭ नागपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा बयान दिया है। मुस्लिम महिलाओं को लेकर गडकरी ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी को हटाना है और महिलाओं की सुरक्षा में जो भी सामने आए, उसे ठोक दो। गडकरी ने कहा कि हमने इतने मजबूत रोड बना कर दिए हैं कि एक भी गड्ढा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैंने बदमाश कॉरपोरेशन के ठेकेदारों से कहा है कि अगर सड़क पर गड्ढे पड़े, तो तुम्हारे शरीर में भी गड्ढे कर देंगे। अब डर के कारण सारे काम सही हो रहे हैं।



### कांग्रेस ने सिर्फ जातिवाद और नफरत दिया

गडकरी ने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल में क्या किया? जातिवाद की राजनीति करते रहे और लोगों के मन में जहर घोलते रहे। कांग्रेस ने हमेशा संविधान की धज्जियां उड़ाई।

### मां-बहनों की इज्जत सुरक्षित रहनी चाहिए

नागपुर के ताजबाग में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि हमने ताजबाग की गुंडागर्दी हटाई। मैंने यहां के डिप्टी कमिश्नर से कहा कि गांजा, चरस जैसे धंधे करने वाले को अंदर करो। मुस्लिम समुदाय की बहनें भी रात को ताजबाग के रास्ते पर सुरक्षा के साथ घूमनी चाहिए। जो भी गुंडा उनके रास्ते में आए, उसको ठोको। अगर कोई बोलेगा तो मेरा नाम बताओ। मेरी मां बहनों की इज्जत सुरक्षित रहनी चाहिए। मैं जाति नहीं देखता।

**व्यापक विमर्श के बाद बनाए गए तीन नए आपराधिक कानून**

# राजनयिकों के लिए भारत के कानूनी ढांचे, संसद की कार्यवाही और भारत के डेमोक्रेटिक सिस्टम की समझ आवश्यकः बिरला

*लोकसभा अध्यक्ष ने नए आपराधिक कानूनों पर आईसीपीएस के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 83 देशों के 135 प्रतिभागियों को संबोधित किया*

⏭ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 3 नए आपराधिक कानून सदन और स्थायी समिति में विस्तृत विचार-विमर्श और जनभागीदारी के बाद पारित किए गए हैं। संसद भवन परिसर में संवैधानिक तथा संसदीय अध्ययन संस्थान के कार्यक्रम में 83 दूतावासों के 135 राजनयिकों पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा तीनों नए आपराधिक कानून समाज की चुनौतियों और आशाओं के अनुरूप हैं।



**बदलती जरूरतों के लिए नए कानून जरूरी**

बिरला ने कहा कि विधिनिर्माताओं ने समाज की बदलती जरूरतों को पूरा करने लगातार काम किया है। अधिकारों की रक्षा करने वाले, न्याय को बढ़ावा देने वाले और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने वाले कानून बनाए हैं। उन्होंने इन कानूनों में समाहित लैंगिक समानता को देश की व्यवस्था का आधार और संविधान की मूल अवधारणा बताया और कहा कि यह विशेषता दुनिया को मार्गदर्शन देती है। भारत की यह प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि कानून नागरिकों की स्वतंत्रता और समानता को बनाए रखने के लिए बनाए जाएं।

### सभी के लिए समान न्याय हो

*बिरला ने कहा कि टेक्नोलॉजी और अपराधों के स्वरूप में बदलावों के अनुरूप इन कानूनों का निर्माण किया गया है। भारत का कानून अंतिम व्यक्ति को न्याय का अधिकार देता है और आम जनता न्यायाधीश को भगवान के रूप में देखती है। उन्होंने आगे कहा कि न्याय पर जनता का अति विश्वास है, जो 75 वर्षों की यात्रा में और अधिक मजबूत हुआ है।*

**उमर ने की वाजपेयी की तारीफ**

# चुनौतियों के बावजूद जम्मू कश्मीर की स्थिति सुधारी



एजेंसी ⏭ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण को अपनाया होता, तो जम्मू-कश्मीर की वर्तमान स्थिति कुछ और ही होती। अब्दुल्ला ने स्पष्ट रूप से यह बात रखी कि वाजपेयी ने हमेशा जम्मू-कश्मीर की स्थिति सुधारने की दिशा में काम किया और उनका दृष्टिकोण राज्य की चुनौतियों को समझते हुए एक सकारात्मक बदलाव लाने का था। अब्दुल्ला ने कहा कि 1999 में वाजपेयी ने दिल्ली-लाहौर बस सेवा शुरू की थी और पाकिस्तान की यात्रा की थी। यह एक ऐतिहासिक कदम था, क्योंकि उस समय भारत और पाकिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण थे। वाजपेयी ने मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया था, जो एक साहसिक कदम था।



रिजिजू ने दी जानकारी

**25** नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा संसद सत्र

# 'एक देश एक चुनाव' के साथ अहम विधेयकों पर होगी चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। सत्र की शुरुआत में परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। इसके अलावा शीतकालीन सत्र में संसद के दोनों सदनों में कई अहम विधेयकों पर विचार किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि सरकार 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर चर्चा करा सकती है। संसदीय परिपाटी के मुताबिक संसद सत्र के पहले सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाई जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार और लोकसभा स्पीकर सर्वदलीय बैठक भी कर सकते हैं।

> सत्र की शुरुआत परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। सरकार और स्पीकर सर्वदलीय बैठक भी कर सकते हैं।

### वक्फ कानून में संशोधन पर भी होगा विचार

संसद के शीतकालीन सत्र में 'वन नेशन वन इलेक्शन' और वक्फ कानून में संशोधन के लिए पेश विधेयक पर चर्चा के आसार हैं। विपक्ष के आक्रामक तेवरों को देखते हुए आगामी शीतकालीन सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। गौरतलब है कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। अब शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित कराने पर जोर दिया जाएगा।

### चीन से समझौते पर विदेश मंत्री का बयान भी होगा

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर करीब चार साल से जारी तनातनी के बीच चीन से बनी सहमति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर संसद के दोनों सदनों में बयान देंगे। गौरतलब है कि लंबी खींचतान के बाद एलएसी पर दोनों देशों की सेना ने गश्त की शुरुआत की है। इसके अलावा इसी सत्र में जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने संबंधी विधेयक के भी पेश होने के आसार हैं।

### केंद्रीय कक्ष में विशेष बैठक का आयोजन

सरकारी सूत्रों के अनुसार 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में विशेष संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाएगा। संविधान के महत्व को रेखांकित करने सरकार ने व्यापक योजना बनाई है।कई भित्त चित्र का निर्माण, संविधान सभा की बहसों का लगभग दो दर्जन भाषाओं में अनुवाद करना और सार्वजनिक मार्च का आयोजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं।

### जेपीसी रिपोर्ट तैयार करने में जुटी

सत्र के दौरान हालांकि कई विधेयक पेश किए जाएंगे, मगर सबकी निगाहें वक्फ विधेयक और एक देश एक चुनाव विधेयक पर होगी। वक्फ विधेयक पर सरकार और विपक्ष के बीच जारी जबर्दस्त खींचतान के बीच संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। दूसरी ओर एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है। दोनों ही विधेयकों का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### बसपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची



**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने उत्तर प्रदेश की 9सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बसपा के 40 स्टार प्रचारकों में मायावती के बाद दूसरे नंबर पर राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा हैं, जबकि पार्टी के युवा चेहरे नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को तीसरे स्थान पर रखा गया है। इसमें विश्वनाथ पाल, समसुद्दीन राईन भी है।

### सलमान को धमकी देने वाला गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** एक्टर सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सलमान खान के नाम पर ट्रैफिक पुलिस को धमकी देने वाले शख्स को कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया है। शख्स का नाम विक्रम है। विक्रम को मुंबई लाया जाएगा। उसने 5 करोड़ की फिरौती की मांग की है।

### 3 राज्यों में सोना-चांदी समेत लाखों रुपए जब्त



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने झारखंड के निम्बू पहाड़ में अवैध पत्थर खनन घोटाले में 3 राज्यों में 16 स्थानों पर तलाशी ली। सीएम हेमंत सोरेन के सहयोगी पंकज मिश्रा जांच के दायरे में हैं। साहिबगंज में 11 , रांची में 3,पटना और कोलकाता में 1-1 स्थान से 50 लाख नकद, एक किलो सोना एक किलो चांदी और करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए हैं।

### अनाथ मासूम की जिम्मेदारी लेंगे धामी



**अल्मोड़ा।** बस हादसे में अपने माता-पिता को खोने वाली मासूम शिवानी की देखभाल की जिम्मेदारी धामी सरकार उठाएगी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अल्मोड़ा के मार्चुला में हुए बस हादसे से हम सभी के हृदय को गहरा आघात पहुंचा है। धामी ने कहा कि सरकार ने दुर्घटना में अपने माता-पिता को खोने वाली शिवानी की देखभाल और शिक्षा का संकल्प लिया है।

### बिना जेईई,एडवांस्ड दिए आईआईटी से करें बीटेक



**कानपुर।** आईआईटी कानपुर अब बीटेक और बीएस कोर्स में ओलंपियाड के जरिए भी एडमिशन देगा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 से 17 विद्यार्थियों को बिना जेईई मेन व जेईई एडवांस्ड दिए ओलंपियाड रैंक के आधार पर दाखिला मिलेगा। ओलंपियाड में प्रदर्शन के आधार पर 6 विभागों में दाखिले होंगे। शॉर्टलिस्ट के लिए ओलंपियाड से रैंक लिस्ट तैयार होगी।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज ने झारखंड में किया भाजपा सरकार बनने का दावा

# भाजपा रोटी, बेटी, माटी को बचाने कृतसंकल्पित सोरेन की सरकार सूखे पत्ते की तरह उड़ जाएगी

एजेंसी ▶▶ दुमका

झारखंड विधानसभा चुनाव का प्रचार जोर पकड़ चुका है। दुमका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस धरती की रोटी, बेटी, माटी को बचाने के लिए झारखंड की जनता संकल्पबद्ध है। इसी संथाल परगना में आदिवासी भाई-बहनों की आबादी सिर्फ 28% बची है, कभी यह 44% थी। इस संकट को यहां की जनता ने पहचाना है और इस बार परिवर्तन की लहर चल रही है, हेमंत सोरेन की सरकार सूखे पत्ते की तरह उड़ जाएगी और भाजपा की सरकार बनेगी।शिवराज सिंह चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा कि जेएमएम और कांग्रेस के नेताओं ने जनता के खून-पसीने की कमाई पर डाका डाला। उनके सपनों को छला। अब एक बार फिर झारखंड की जनता को ठगने आए हैं, हम इनके मंसूबे सफल नहीं होने देंगे। झारखंड वासियों के विश्वास और समर्थन से यह सुनिश्चित हो गया कि यहां भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी।

> चौहान ने कहा कि जेएमएम और कांग्रेस के नेताओं ने जनता के खून-पसीने की कमाई पर डाका डाला

दुमका में चुनावी रैली को किया **संबोधित**

संथाल में आदिवासी भाई-बहनों की आबादी सिर्फ 28% बची है, कभी यह 44% थी

### जेएमएम- कांग्रेस तो 'कुंभकर्ण से भी बड़े'



शिवराज ने कहा कि झारखंड की जेएमएम-कांग्रेस की सरकार में जनता सुखी नहीं है। इस सरकार ने पूरे झारखंड को तबाह और बर्बाद करने का पाप किया है। झारखंड में माताएं-बहनें सुरक्षित नहीं है। सोरेन सरकार सो रही है। रावण का भाई कुंभकर्ण 6 महीने सोता था और 6 महीने जागता था। जब जागता था तो केवल खाता ही रहता था, लेकिन ये जेएमएम और कांग्रेस के कुंभकर्ण तो 12 महीने ही खाते रहते हैं।

राजनाथ ने भी साधा निशाना

### झामुमो गठबंधन को बताया फुस्स पटाखा



लोहरदगा। लोहरदगा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के 3 स्पीड ब्रेकर हैं। विकास के 3 ठोकर हैं-जेएमएम आरजेडी और कांग्रेस। इनका गठबंधन एक फुस्स पटाखा है।

खरगे ने योगी पर किया पटवार

### बांटने वाले भी तुम और काटने वाले भी..



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सीएम योगी के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बांटने वाले भी तुम हो और काटने वाले भी। खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर निशाना साधा।

झामुमो-कांग्रेस-सीपीएम का संयुक्त घोषणा पत्र

## सरना धर्म कोड समेत 7 गारंटियों का किया जिक्र



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआईएम) ने संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया है। घोषणा पत्र में सरना धर्म कोड समेत कई बड़े वादे किए गए हैं। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा की तरफ से सीएम हेमंत सोरेन के अलावा राष्ट्रीय जनता दल, वाम दल और गठबंधन पार्टियों के सहयोगी नेता भी मौजूद रहे। इसे गठबंधन ने न्याय पत्र का नाम दिया है।

**घोषणा पत्र की खास बातें**

- महिलाओं को 2500 सम्मान राशि का वादा
- एससी-एसटी और अओबीसी समेत अल्पसंख्यकों के हितों के संरक्षण का वादा। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन का वादा।
- सरकार प्रति व्यक्ति सात किलो राशन वितरण करेगी।
- राज्य के हर गरीब परिवार को 400 रुपए में गैस सिलिंडर दिया जाएगा।
- 10 लाख युवक-युवतियों को नौकरी और रोजगार का वादा।
- 15 लाख रुपए तक पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा की गारंटी।
- सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोले जाएंगे।
- फसलों के लिए एमएसपी 2400 से बढ़ाकर 3200 रुपए करने का वादा।

## मुडा घोटाला में सिद्धारमैया की मुश्किलें बढ़ीं

# लोकायुक्त के सामने होंगे पेश, सीबीआई करेगी जांच



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मुडा घोटाले के मामले में लोकायुक्त के सामने पेश होने की पुष्टि कर दी है। लोकायुक्त ने घोटाले के संबंध में पूछताछ के लिए सीएम सिद्धारमैया को समन जारी किया था। मंगलवार को सीएम हुबली धारवाड़ इलाके में एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान मीडिया ने उनसे पूछा कि क्या वे लोकायुक्त के सामने पेश होंगे तो इस पर सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि मैं बुधवार सुबह 10 बजे जा रहा हूं।

- सिद्धारमैया को बुधवार को बुलाया

लोकायुक्त पुलिस ने सिद्धारमैया को समन जारी कर 6 नवंबर को पूछताछ के लिए पेश होने को कहा था। इससे पहले सीएम की पत्नी पार्वती से इस मामले में 25 अक्टूबर को पूछताछ हो चुकी है। साथ ही पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी और देवाराजू से भी पूछताछ हुई है।

### पत्नी के भाई ने जमीन गिफ्ट की

देवाराजू से ही मल्लिकास्वामी ने जमीन खरीदकर अपनी बहन पार्वती को उपहार स्वरूप दी थी। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने किसी भी गड़बड़ी से इनकार किया है और कहा है कि विपक्ष उनसे डरा हुआ है, जिसकी वजह से उन पर आरोप लगाए जा रहे हैं। मुडा घोटाले के मामले में ईडी ने भी मुडा के पूर्व आयुक्त डीबी नातेश से पूछताछ की थी।

### उच्च न्यायालय ने भी नोटिस थमाया

सिद्धारमैया को अब कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भी नोटिस जारी किया है। उच्च न्यायालय ने स्नेहमयी कृष्णा की रिट याचिका पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और अन्य को नोटिस जारी किया है। याचिका में मुडा घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्देश देने की मांग की गई है।

### यह है मुडा घोटाला

मुडा (मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी) घोटाला करीब 3.2 एकड़ जमीन के घोटाले से जुड़ा है। इस जमीन के एवज में मुडा ने सीएम सिद्धारमैया की पत्नी को प्लॉट आवंटित किए थे। आरोप है कि इन प्लॉट के आवंटन में कथित अनियमितता बरती गई। दरअसल मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुन स्वामी ने साल 2010 में 3.2 एकड़ जमीन उपहार स्वरूप दी थी। बाद में यह जमीन मुडा द्वारा किए गए जमीन अधिग्रहण के दायरे में आ गई। जमीन अधिग्रहण के बदले पार्वती ने मुआवजे की मांग की तो मुडा ने उन्हें 14 प्लॉट आवंटित कर दिए।

# जोशी ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने मंगलवार को एनसीसीएफ, नेफेड और केंद्रीय भंडार की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। इस मौके पर राज्य मंत्री बीएल वर्मा भी उपस्थिति रहे।

दूसरे चरण में उपभोक्ताओं को 30 रुपए प्रति किलोग्राम के अधिकतम खुदरा मूल्य की दर से भारत आटा और 34 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से भारत चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। जोशी ने कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं को रियायती कीमतों पर आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ब्रांड के अंतर्गत चावल, आटा और दाल जैसे आधारभूत खाद्य पदार्थों की खुदरा बिक्री के माध्यम से प्रत्यक्ष हस्तक्षेप ने मूल्यों में स्थिरता की व्यवस्था बनाए रखने में मदद की है। दूसरे चरण में आरंभिक स्तर पर खुदरा बिक्री के लिए 3.69 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 2.91 लाख मीट्रिक टन चावल उपलब्ध कराया गया है।

खुदरा बिक्री के लिए 3.69 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 2.91



### अनाज के हर दाने की खरीद की प्रतिबद्धता दोहराई

*पंजाब में धान की खरीद पर जोशी ने पंजाब में 184 लाख मीट्रिक टन अनाज की खरीद के लक्ष्य अनुमान को प्राप्त करने और किसानों की ओर से मंडियों में लाए गए अनाज के हर एक दाने की खरीद करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। 4 नवंबर तक , पंजाब की मंडियों में 104.63 लाख मीट्रिक टन धान आया, जिसमें से 98.42 लाख मीट्रिक टन की खरीद राज्य की एजेंसियों और भारतीय खाद्य निगम ने की है। यह खरीद ग्रेड 'ए' धान के लिए सरकार द्वारा तय 2320 के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है।*

### मुस्लिम महिलाओं को लेकर गडकरी ने कही बड़ी बात

एजेंसी ▶▶ नागपुर

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा बयान दिया है। मुस्लिम महिलाओं को लेकर गडकरी ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी को हटाना है और महिलाओं की सुरक्षा में जो भी सामने आए, उसे ठोक दो। गडकरी ने कहा कि हमने इतने मजबूत रोड बना कर दिए हैं कि एक भी गड्ढा नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि मैंने बदमाश कॉरपोरेशन के ठेकेदारों से कहा है कि अगर सड़क पर गड्ढे पड़े, तो तुम्हारे शरीर में भी गड्ढे कर देंगे। अब डर के कारण सारे काम सही हो रहे हैं।

# महिलाओं की सुरक्षा में जो भी अड़चन पैदा करे, उसे ठोक दो

## नागपुर के ताजबाग में गुंडागर्दी करने वालों को चेताया



### कांग्रेस ने सिर्फ जातिवाद और नफरत दिया

गडकरी ने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल में क्या किया? जातिवाद की राजनीति करते रहे और लोगों के मन में जहर घोलते रहे। कांग्रेस ने हमेशा संविधान की धज्जियां उड़ाईं।

### मां-बहनों की इज्जत सुरक्षित रहनी चाहिए

नागपुर के ताजबाग में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने कहा कि हमने ताजबाग की गुंडागर्दी हटाई। मैंने यहां के डिप्टी कमिश्नर से कहा कि गांजा, चरस जैसे धंधे करने वाले को अंदर करो। मुस्लिम समुदाय की बहनें भी रात को ताजबाग के रास्ते पर सुरक्षा के साथ घूमनी चाहिए। जो भी गुंडा उनके रास्ते में आए, उसको ठोको। अगर कोई बोलेगा तो मेरा नाम बताओ। मेरी मां बहनों की इज्जत सुरक्षित रहनी चाहिए। मैं जाति नहीं देखता।

## व्यापक विमर्श के बाद बनाए गए तीन नए आपराधिक कानून

# राजनयिकों के लिए भारत के कानूनी ढांचे, संसद की कार्यवाही और भारत के डेमोक्रेटिक सिस्टम की समझ आवश्यक: बिरला

*लोकसभा अध्यक्ष ने नए आपराधिक कानूनों पर आईसीपीएस के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 83 देशों के 135 प्रतिभागियों को संबोधित किया*

▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि 3 नए आपराधिक कानून सदन और स्थायी समिति में विस्तृत विचार-विमर्श और जनभागीदारी के बाद पारित किए गए हैं। संसद भवन परिसर में संवैधानिक तथा संसदीय अध्ययन संस्थान के कार्यक्रम में 83 दूतावासों के 135 राजनयिकों पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा तीनों नए आपराधिक कानून समाज की चुनौतियों और आशाओं के अनुरूप हैं।



### बदलती जरूरतों के लिए नए कानून जरूरी

बिरला ने कहा कि विधिनिर्माताओं ने समाज की बदलती जरूरतों को पूरा करने लगातार काम किया है। अधिकारों की रक्षा करने वाले, न्याय को बढ़ावा देने वाले और आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने वाले कानून बनाए हैं। उन्होंने इन कानूनों में समाहित लैंगिक समानता को देश की व्यवस्था का आधार और संविधान की मूल अवधारणा बताया और कहा कि यह विशेषता दुनिया को मार्गदर्शन देती है। भारत की यह प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि कानून नागरिकों की स्वतंत्रता और समानता को बनाए रखने के लिए बनाए जाएं।

### सभी के लिए समान न्याय हो

*बिरला ने कहा कि टेक्नोलॉजी और अपराधों के स्वरूप में बदलावों के अनुरूप इन कानूनों का निर्माण किया गया है। भारत का कानून अंतिम व्यक्ति को न्याय का अधिकार देता है और आम जनता न्यायाधीश को भगवान के रूप में देखती है। उन्होंने आगे कहा कि न्याय पर जनता का अति विश्वास है, जो 75 वर्षों की यात्रा में और अधिक मजबूत हुआ है।*

## उमर ने की वाजपेयी की तारीफ

# चुनौतियों के बावजूद जम्मू कश्मीर की स्थिति सुधारी



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी के दृष्टिकोण को अपनाया होता, तो जम्मू-कश्मीर की वर्तमान स्थिति कुछ और ही होती। अब्दुल्ला ने स्पष्ट रूप से यह बात रखी कि वाजपेयी ने हमेशा जम्मू-कश्मीर की स्थिति सुधारने की दिशा में काम किया और उनका दृष्टिकोण राज्य की चुनौतियों को समझते हुए एक सकारात्मक बदलाव लाने का था। अब्दुल्ला ने कहा कि 1999 में वाजपेयी ने दिल्ली-लाहौर बस सेवा शुरू की थी और पाकिस्तान की यात्रा की थी। यह एक ऐतिहासिक कदम था, क्योंकि उस समय भारत और पाकिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण थे। वाजपेयी ने मीनार-ए-पाकिस्तान का दौरा किया था, जो एक साहसिक कदम था।

## चिंतन

# अमेरिकी नतीजे पर दुनिया की नजरें

अमेरिकी जनता ने अपना राष्ट्रपति चुन लिया है। आज पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। मतदान से पूर्व के सभी सर्वेक्षणों में हैरिस व ट्रंप के बीच नेक टू नेक फाइट का अनुमान है। बहुत कम मार्जिन से हैरिस आगे हैं। यूं तो अमेरिका में भी दूसरे मुल्कों की तरह कमोबेश महंगाई, सुरक्षा, समुदायगत वर्गभेद, गर्भपात के अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार, अमेरिकी बनाम बाहरी, आव्रजन आदि मुद्दे चुनाव के दौरान मुखर रहे हैं, इसके बावजूद आर्थिक महाशक्ति व सबसे पुराना लोकतंत्र होने के नाते दुनिया की नजरें इस राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम पर हैं। भारतीय मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति बनेंगी तो अमेरिका नया इतिहास रचेगा। बराक ओबामा के बाद वह दूसरी राष्ट्रपति होंगी जो गैर अमेरिकी मूल की हैं। कोई महिला पहली बार अमेरिका की राष्ट्रपति बनेंगी, हिलेरी क्लिंटन बनते-बनते रह गई थीं। हैरिस ने गर्भपात अधिकार और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ा वादा किया है। अमेरिका भर में अनेक महिलाएं सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले से स्तब्ध हैं, जिसमें गर्भपात के उनके लंबे समय से चले आ रहे संवैधानिक अधिकार को छीन लिया गया है। अब इस पर नीतियों का निर्धारण राज्य स्तर पर हो रहा है। कई सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मतदाता प्रजनन अधिकारों के मामले में ट्रंप की तुलना में हैरिस पर अधिक भरोसा करते हैं। अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य इस चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा है। एक नए सर्वेक्षण में आधे से ज्यादा मतदाता ट्रंप को अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरे के तौर पर देखते हैं। हैरिस ने बाजी पलटने, विभाजन को दूर करने और रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स को फिर से एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया है। अर्थव्यवस्था को सुधारने, आव्रजन नीति, अमेरिकी फर्स्ट, यूक्रेन जंग, इजराइल संघर्ष, ट्रेडवार आदि मुद्दे पर ट्रंप को बढ़त है। कमला की अनुकूलता रेटिंग 46 प्रतिशत है, तो ट्रंप की 43 प्रतिशत। सुस्त अर्थव्यवस्था, घरेलू बजट, जीवन-यापन की बढ़ती लागत, स्वास्थ्य खर्च, रोजगार और भविष्य में आर्थिक सुरक्षा को लेकर मतदाताओं की चिंताएं मुखर हैं। घर खर्च से लेकर ईंधन के दामों तक में पिछले चार वर्षों के दौरान वृद्धि हुई है। अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर 'स्विंग' राज्यों के मतदाता मानते हैं कि ट्रंप इस मुद्दे से निपटने में ज्यादा बेहतर हैं और उन्हें इस पर करीब 15 प्रतिशत की बढ़त है। आव्रजन एक और मुद्दा है, जिस पर ट्रंप फायदे में हैं। ट्रंप जीतेंगे तो दूसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे। नतीजों को प्रभावित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण स्विंग स्टेट-औद्योगिक मध्य-पश्चिम में पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, विस्कॉन्सिन; पश्चिम में नेवादा और एरिजोना; और दक्षिण में जॉर्जिया और उत्तरी कैरोलिना- में मुकाबला असाधारण रूप से करीबी है। न्यूयॉर्क टाइम्स/सिएना के अंतिम सर्वेक्षण में कमला हैरिस सभी 'स्विंग' राज्यों में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से बहुत कम अंतर से आगे हैं या लगभग बराबरी पर हैं। अपवाद एरिजोना है, जहां ट्रंप कुछ प्रतिशत अंकों से आगे हैं। इनमें कुल 93 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हैं। एक सफल उम्मीदवार को उपलब्ध 538 इलेक्टोरल वोटों में से 270 की आवश्यकता होती है। बहुत रिपब्लिकन भी ट्रंप को नहीं चाहते हैं। यह बात उनके खिलाफ जा सकती है। अमेरिका में विजयी जो भी हों, भारत के संबंध पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# नए संवत में अच्छी आर्थिकी का शगुन

प्रमुख थोक बाजार और मंडियों में दुकानों के मुहूर्त में खोले जाने, बाजार और मंडियों में सामूहिक पूजा-आरती और अन्नकूट के आयोजन के साथ नए माल की खरीद-बिक्री शुभ मुहूर्त में अपेक्षाकृत अच्छे दामों पर की गई। कुल मिलाकर देशभर के बाजारों में नए संवत में अच्छे कारोबार और अच्छी आर्थिकी के शगुन उभरकर सामने आए हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है तथा निवेश और निजी खपत इसकी वृद्धि को गति दे रहे हैं। रिपोर्ट में भारत की विकास दर को पहले के 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक है।

यकीनन दीपावली के बाद नए संवत 2081 में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती संबंधी शुभ संकेत उभरकर सामने आ रहे हैं। देश के कोने-कोने में दीपावली के बाद बंद हुए प्रमुख थोक बाजार और मंडियों में दुकानों के मुहूर्त में खोले जाने, बाजार और मंडियों में सामूहिक पूजा-आरती और अन्नकूट के आयोजन के साथ नए माल की खरीद-बिक्री शुभ मुहूर्त में अपेक्षाकृत अच्छे दामों पर की गई। कुल मिलाकर देशभर के बाजारों में नए संवत में अच्छे कारोबार और अच्छी आर्थिकी के शगुन उभरकर सामने आए हैं। गौरतलब है कि एक नवंबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'एशिया प्रशांत के लिए क्षेत्रीय आर्थिक अनुमान 2024' में कहा गया है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है तथा निवेश और निजी खपत इसकी वृद्धि को गति दे रहे हैं। रिपोर्ट में भारत की विकास दर को पहले के 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक है। देश कृषि, उद्योग-कारोबार, बैंकिंग क्षेत्र और गैर बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र प्रणाली के स्तर पर काफी मजबूत बना हुआ है। विकास और मुद्रास्फीति का संतुलन बेहतर है। यद्यपि भूराजनीतिक संकट, भू आर्थिक बिखराव और किसी तरह की चरम मौसमी घटनाएं, जो बाहरी मांग को प्रभावित कर सकती है और ये भारत की वृद्धि के लिए एक तरह की बड़ी जोखिम होंगी, लेकिन भारत अपने मजबूत आर्थिक घटकों से उनके मुकाबले में सक्षम होगा। उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई में नरमी आएगी और वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि इस समय ग्लोबल फंड का भारतीय बांड में किया जा रहा निवेश उभरते बाजारों में ऊंचाई पर रेखांकित हो रहा है। पिछले वर्ष 2023 में भारतीय बांड में जो विदेश निवेश 70,627 करोड़ रुपये का था, वह इस वर्ष 2024 में करीब 88 प्रतिशत बढ़कर अक्टूबर तक 1.33 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। निश्चित रूप से नए संवत 2081 में भारत की विकास दर उभरते हुए देशों की तुलना में ऊंचाई पर होगी। नए संवत 2081 में स्थानीय और घरेलू बाजार की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। पिछले 10 साल में देश जिस तेजी से आत्मनिर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आगे बढ़ा है, उससे हमारे स्थानीय और घरेलू बाजार मजबूत हुए हैं। इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में चमकते हुए सितारे के रूप में रेखांकित हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में भारत के घरेलू बाजार की अहम भूमिका है। इस वर्ष दीपावली और इससे जुड़े त्योहारों पर देशभर के घरेलू और स्थानीय बाजारों में भारी मांग देखी गई है। चीनी उत्पादों की जगह घरेलू उत्पादों को प्रोत्साहन मिला है। डेलॉइट इंडिया की इंडियाज होम एंड हाउसहोल्ड मार्केट रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है और वर्ष 2030 तक यह लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह नए संवत 2081 में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। देश में कृषि उन्नयन,




खेती में नवाचार को प्रोत्साहन देने, लागत को कम करते हुए उत्पादन के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का अभूतपूर्व अभियान आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ रही है। बेहतर मानसून से ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ रही है। देश को इस सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ाने और चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पीएलआई स्कीम के और अधिक अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। इस समय जब दुनिया में वैश्विक संघर्षों से उथल-पुथल मची हुई है, तब भारत नए संवत 2081 में दुनिया के लिए उम्मीद की एक किरण के रूप में दिखाई दे रहा है। जहां भारत गरीबी जैसी चुनौतियों को कम करते हुए हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा, वहीं दुनिया की मदद करते हुए दुनिया में आशा का संचार भी करेगा। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि वैश्विक संघर्ष की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। नए संवत 2081 में यह भी दिखाई दे सकेगा कि एक ओर भारत अपने भरपूर खाद्यान्न भंडारों से देश के लोगों की खाद्य सुरक्षा निश्चित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर दुनिया की खाद्य सुरक्षा में मददगार बना हुआ है। कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय से भारत में 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न दिए जाने का बेमिसाल अभियान चलाया जा रहा हैं और इससे देश में अत्यधिक गरीबी में कमी आ रही है। हाल ही में विश्व बैंक ने गरीबी अवलोकन और विकास रिपोर्ट 2024 में बताया है कि भारत में अत्यधिक गरीबी में कमी आई है। इस समय वैश्विक आबादी के करीब 70 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी यानी 181 रुपये (करीब 2.15 डॉलर) प्रतिदिन से कम पर जीवनयापन कर रहे हैं। भारत में अत्यधिक गरीबों की संख्या 2021 में 16.74 करोड़ थी, वह इस वर्ष 2024 में करीब 12.9 करोड़ रह गई है। नए संवत 2081 में देश में गरीबी में और कमी आने की संभावनाएं हैं। निश्चित रूप से वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच भारत की वैश्विक खाद्य सुरक्षा में मददगार देश की भूमिका बढ़ते हुए दिखाई दे सकती है।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम तथा कई देशों के अनुरोध पर भारत ने गैर बासमती चावल यानी सफेद चावल के निर्यात पर जुलाई 2023 से लगाई गई रोक को हटा लिया है। भारत के इस निर्णय से दुनिया के कोने-कोने में चावल आयातक देशों के करोड़ों उपभोक्ताओं को राहत मिली है। जहां भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों के लोगों की खाद्य जरूरतों के लिए खाद्य निर्यात करता है, वहीं 185 से अधिक देशों के करोड़ों लोगों के लिए सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की आपूर्ति करने वाला विश्वसनीय देश भी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि नए संवत में पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ने पर शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई की चुनौतियों के बीच भी भारत अपने मजबूत आर्थिक घटकों और ऊंचाई पर स्थित 700 अरब डॉलर से अधिक के मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम होगा। हम उम्मीद करें कि नए संवत में भारतीय शेयर बाजार की राह कठिन नहीं होगी, कारपोरेट आय को बढ़ावा मिलेगा और शेयर बाजार को सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंचाने में घरेलू फंडों की अहम भूमिका होगी। सरकार द्वारा कृषि सुधारों, मेक इन इंडिया, निर्यात बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों की आमदनी बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा देश का आम आदमी भी विकास की डगर पर आगे बढ़ेगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## विमर्श

विवेक शुक्ला



# तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों की सांकेतिक मौजूदगी भारत में

अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुआ है। मतगणना के बाद पता चलेगा कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप होंगे या भारतवंशी कमला हैरिस। पर राजधानी दिल्ली में एक नहीं बल्कि तीन अमेरिकी राष्ट्रपति सांकेतिक रूप से मौजूद हैं। ये तीनों राष्ट्रपति के रूप में कभी भारत में नहीं आए। अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन. एफ कैनेडी व्हाइट हाउस में रहते हुए तो कभी भारत की यात्रा पर नहीं आए थे। पर उनके नाम पर खुशबू बिखेरता एक प्रतीक राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान ( पहले मुगल गार्डन) में है। कैनेडी नाम के गुलाब के फूलों की एक प्रजाति अमृत उद्यान के मालियों ने उनकी हत्या के बाद विकसित की थी। आपको कैनेडी गुलाब को देखने के बाद अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के नाम पर गुलाब की प्रजाति को अमृत उद्यान में देखना होगा। मतलब अमेरिका के दो महान राष्ट्रपति भारत के राष्ट्रपति भवन में स्थायी रूप से अपनी स्थायी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। कैनेडी को 1964 के शुरू में भारत की सरकारी यात्रा पर आना था। तब उनका राजधानी में 1959 के अंत में बनी अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग को देखने का कार्यक्रम तय था। बीसवी सदी के महानतम आर्किटेक्ट माने जाने वाले फ्रेंक लायड राइट कहते थे कि स्थापत्य की दृष्टि से अमेरिकी एंबेसी अद्वितीय है। जाहिर है, राइट की टिप्पणी के बाद कैनेडी को पता चल ही गया होगा कि नई दिल्ली में बनी अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग अमेरिकी आर्किटेक्ट एडवर्ड डुरेल स्टोन की रचनाधर्मिता का चरम है। सच में 27 एकड़ में बनी अमेरिकी एंबेसी अपने आप में उत्कृष्ट है। कैनेडी इसे देखकर प्रसन्न अवश्य होते। पर अफसोस कि कैनेडी की 22 नवंबर,1963 को डलास में हत्या कर दी गई। इस तरह वे राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भारत नहीं आ सके। वे 1955 में भारत घूमने के लिए आए थे। पर श्रीमती जैकलीन कैनेडी 12-21 मार्च,1962 को भारत यात्रा पर आईं थीं।

अमेरिका के 32वें राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट के नाम पर है रूजवेल्ट हाउस है। नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत के आवास को रूजवेल्ट हाउस कहते हैं। रूजवेल्ट हाउस में कला, साहित्य, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों की हस्तियों को अमेरिकी राजदूत आमंत्रित करते हैं। रूजवेल्ट भी कभी भारत नहीं आए। वे भारत की आजादी को लेकर गंभीर थे। उन्हें महात्मा गांधी ने 1 जुलाई 1942 को एक पत्र लिखकर कहा था कि वे युद्ध से घृणा करते हैं और ब्रिटेन को भारत से तत्काल अपना शासन हटा लेना चाहिए। इस पत्र को संदेशवाहक के रूप में गांधी जी के भावी जीवनीकार लुई फिशर अमेरिका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट के पास लेकर गए थे। रूजवेल्ट ने 1 अगस्त 1942 को सकारात्मक जवाब दिया। गांधी जी ने पत्र इसलिए लिखा था ताकि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर भारत को आजादी दिलवाने में मदद करेंगे। मतलब भारत छोड़ो आंदोलन से ठीक पहले गांधी जी अन्य विकल्पों को देख रहे थे। रूजवेल्ट ने आगे चलकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल से कहा भी था कि वे भारत को स्वतंत्र करें। अगर कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति बनी और फिर वह नई दिल्ली का दौरा करती हैं, तो वह भारत का दौरा करने वाले अपने देश के डी. आइजनहावर (1959), रिचर्ड एम. निक्सन (1969), जिमी कार्टर (1978), बिल क्लिंटन (2000), जॉर्ज डब्ल्यू. बुश (2006), बराक ओबामा - 2010 और 2015, डोनाल्ड ट्रंप (2020) और जो बिडेन (2023) जैसे राष्ट्रपतियों की सूची में शामिल हो जाएंगी।

इस बीच, कई चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव में विजय़ी होते दिखाया गया है। वे भारत के मित्र के रूप में अपने को स्थापित करते जा रहे हैं। वे 2020 में भारत आए थे। वे तब राजघाट भी गए थे। पर वे गांधी जी की समाधि पर कोई पौधा नहीं लगा सके थे। अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपनी 2005 की यात्रा के समय राजघाट पर एक पौधा अवश्य लगाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2015 में बापू की समाधि राजघाट पर बोधि वृक्ष का पौधा लगाया था। माना जाता है कि बोधगया में बोधि पेड़ के नीचे तपस्या कर रहे गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। तब से बोधि पेड़ का अलग स्थान है। यह शांति का प्रतीक माना जाता है। हालांकि ओबामा ने तब इधर कोई पौधा नहीं लगाया था, जब वे यहां 2010 में आए थे। हालांकि वे इधर काफी समय ठहरे थे। उन्हें संपूर्ण गांधी साहित्य भेंट किया गया था। राजघाट में अंतिम पौधा 11 फरवरी 2016 को अबू धाबी के युवराज व संयुक्त अरब अमीरात के सर्वोच्च उप सेनाध्यक्ष मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान द्वारा मोलश्री का पौधा लगाया गया था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह




संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- *कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।*

# जिन लोगों में मतभेद वे कभी सफल नहीं होते



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

## सटाका




## आज की पाती

### कीवी से मिली हार पर मंथन करे टीम इंडिया

हाल ही में हमारे देश की क्रिकेट टीम को टेस्ट मैच में अपने घर में ही लगभग 24 वर्षों बाद न्यूजीलैंड ने हरा दिया। इस हार के बाद टीम इंडिया की कुछ लोगों द्वारा निंदा भी की जा रही है। इस बार फिर देश के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों को निराशा हाथ लगी। भारतीय टीम की हार की वजह अति आत्मविश्वास भी हो सकता है। हमारे देश की क्रिकेट टीम के अब तक जो भी कप्तान रहे हैं, सभी के नेतृत्व में टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन भी किया है, हालांकि कभी-कभी हार का भी सामना करना पड़ा है। खेल में हार-जीत चलती रहती है। जब दो टीमें खेल के मैदान में उतरती हैं तो एक के पाले में जीत और दूसरी के पाले में हार पड़ती है। खेल को खेल की भावना से लेना या देखना चाहिए। टीम इंडिया हार पर मंथन करे। *- भावेश सोनी, बालोद*

## ट्रेंड

### कनाडाई सरकार से उम्मीद



मैं कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह हैं। हम उम्मीद करते हैं कि कनाडाई सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी और कानून का शासन कायम रखेगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सही तरीके से अमल जरूरी



यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून-2004 को वैध व संवैधानिक करार देने के फैसले का स्वागत। इससे यूपी में मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद व हजारों मदरसों की अनिश्चितता अब समाप्त होने की संभावना। इस पर सही तरीके से अमल जरूरी।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार



भारत अब अमेरिका और जर्मनी जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए विश्व स्तर पर चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार रखता है। नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाया है।

**- स्मृति ईरानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री**

### संघर्ष को जारी रखिए



जब आपके पात्र अपना स्वयं का दिमाग विकसित करते हैं और आप उनके कार्यों, उनके भाग्य को नियंत्रित करने में असमर्थ हैं, तभी एक अच्छी कहानी आती है। अपने पात्रों और अपने संघर्ष को जारी रखिए।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# ईरान के विदेश मंत्री चर्चा के लिए पाकिस्तान पहुंचे

पश्चिम एशिया में व्याप्त तनाव और द्विपक्षीय संबंधों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ईरान के विदेश मंत्री मंगलवार को दो दिवसीय सरकारी दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची का विमान आधी रात के बाद इस्लामाबाद के पास एक हवाई अड्डे पर उतरा जहां पाकिस्तान के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वह मंगलवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री इशाक डार और विदेश मंत्रालय के अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। ईरान के विदेश मंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब उसके और इजराइल के बीच गतिरोध बढ़ रहा है। ईरानी अधिकारी 26 अक्टूबर को अपने यहां इजराइल द्वारा किए गए हमले के बाद उसके खिलाफ एक और हमला करने की धमकी दे रहे हैं। 26 अक्टूबर के हमले में सैन्य ठिकानों और अन्य स्थानों को निशाना बनाया गया था जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए थे। पाकिस्तान ने तब इजराइल के हमलों की निंदा की थी।



## ऑफ बीट

# साइबेरिया में बन रहे बड़े-बड़े गड्ढों का क्या रहस्य

रूस का एक विशाल और ठंडा क्षेत्र साइबेरिया इस वक्त दुनिया के लिए रहस्यमयी बना हुआ है। हाल के वर्षों में यहां कई बड़े गड्ढों के निर्माण ने दुनिया को चिंता में डाल दिया है। रूस में इन गड्ढों को 'बुल्गा' कहा जाता है। वैज्ञानिकों और भूवैज्ञानिकों की टीम अब इस रहस्य को सुलझाने में लग गई है कि आखिर ये हो क्यों रहा है और इससे पृथ्वी पर किस तरह का प्रभाव पड़ रहा है। साइबेरिया में बड़े गड्ढों का निर्माण मुख्य रूप से पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने के कारण हो रहा है। पर्माफ्रॉस्ट के बारे में अगर आप नहीं जानते, तो आपको बता दें कि पर्माफ्रॉस्ट वह परत है जो स्थायी रूप से जमी रहती है और इसमें हजारों वर्षों से कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन गैसें कैद होती हैं। पृथ्वी पर जब जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान बढ़ता है, तो यह पर्माफ्रॉस्ट पिघलने लगता है और फिर बड़े-बड़े गड्ढे बनने लगते हैं। दरअसल, जब पर्माफ्रॉस्ट पिघलता है तो उसमें कैद कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन गैसें बाहर निकलने लगती हैं। यह गैसें धीरे-धीरे जमीन के अंदर दबाव बनाती हैं और जब यह दबाव बहुत ज्यादा हो जाता है, तो यह जमीन की सतह को उड़ा देता है।



## संक्षिप्त खबरें

### टीटीके का नया टीवी कैम्पेन

नई दिल्ली। किचनवेयर के प्रमुख ब्रैंड, टीटीके प्रेस्टीज ने स्वच्छ लिड प्रेशर कुकर के लिए अपना नया टेलीविजन विज्ञापन लांच किया है। इस प्रेशर कुकर में स्पिलेज कंट्रोल मेकैनिज्म है। इस टीवी कैम्पेन में स्वच्छ लिड प्रेशर कुकर की खासियत को मजेदार अंदाज में दिखाया गया। डायरेक्टर सुकृति त्यागी ने कहा कि हमने इस कैम्पेन में प्रेशर कुकर की अस्त-व्यस्तता को परिवार के लिए डराने वाला दिखाया है। कंपनी के चीफ सेल्स और मार्केटिंग आफिसर अनिल गुरनानी ने कहा, 'हम इस नए टीवी विज्ञापन को लेकर बहुत उत्साहित हैं। डीडीबी मुद्रा के क्रिएटिव डायरेक्टर सूरज पिल्लई ने कहा कि कैम्पेन के जरिए हमारा मकसद स्वच्छ प्रेशर कुकर रखने के प्रति प्रोत्साहित करना है।

### फोनपे-भारत कनेक्ट में करार

नई दिल्ली। फोनपे ने अपने प्लेटफार्म पर भारत कनेक्ट के तहत एक नई बचत श्रेणी के रूप में एनपीएस में योगदान शुरू करने की घोषणा की है। इस लांच के साथ, फोनपे के लाखों यूजर अब अपने एनपीएस अकाउंट में आसान योगदान करने में सक्षम हो गए हैं। फोनपे में कंज्यूमर पेमेंट की चीफ बिज़नेस आफिसर सोनिका चंद्रा ने कहा कि हम एनपीएस में अंशदान शुरू करने के लिए भारत कनेक्ट के साथ साझेदारी करके बहुत उत्साहित हैं। एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड की सीईओ नूपुर चतुर्वेदी ने कहा कि भारत कनेक्ट प्लेटफार्म पर एनपीएस श्रेणी को एकीकृत करना व्यक्तियों को रिटायरमेंट प्लान के लिए अपने निवेश को सहजता से मैनेज करने में सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नया कारपोरेट पुरस्कार शुरू

नई दिल्ली। डेलॉइट इंडिया ने एंटरप्राइज ग्रोथ अवार्ड्स का पहला संस्करण लांच करने का ऐलान किया है। डेलॉइट का यह कदम भारत में कारोबारी घरानों के योगदान को सम्मानित करने की एक पहल है। इसके जरिए उन कंपनियों को सम्मानित किया जाएगा जो उत्कृष्ट प्रदर्शन करती हैं। डेलॉइट इंडिया में पार्टनर और लीडर के. आर. सेकर ने कहा, 'भारत की कंपनियां देश के लिए काफी कुछ करती हैं हम इन चैंपियनों को सुर्खियों में लाएंगे। डेलॉइट इंडिया के पार्टनर धीरज भंडारी ने कहा, 'ईजीए के माध्यम से, हमारा उद्देश्य केवल व्यावसायिक सफलता को उजागर करने से कहीं अधिक है।

### एलएंडटी हिस्सेदारी खरीदेगी

नई दिल्ली। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) क्लाउड सेवा कंपनी ई2ई नेटवर्क्स लिमिटेड में 21 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,407.02 करोड़ रुपये में खरीदेगी। एलएंडटी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, 'कंपनी ने ई2ई नेटवर्क्स लिमिटेड में 21 प्रतिशत तक हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए पांच नवंबर 2024 को एक निवेश समझौता किया है।' कंपनी सूचना के अनुसार, एलएंडटी तरजीही आवंटन के जरिए 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 1,079.27 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

# 'भारत' ब्रांड के तहत आटे व चावल की खुदरा बिक्री का दूसरा चरण शुरू हुआ

■ योजना के तहत कम दर पर मिलती हैं यह चीजें




**नई दिल्ली (भाषा)।**

सरकार ने उपभोक्ताओं को ऊंची कीमतों से राहत देने के लिए रियायती दर पर 'भारत' ब्रांड के तहत गेहूं के आटे और चावल की खुदरा बिक्री के दूसरे चरण की मंगलवार को शुरुआत की।

सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और केन्द्रीय भंडार तथा ई-कामर्स मंच के जरिए गेहूं का आटा 30 रुपये प्रति किलोग्राम और चावल 34 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से पांच तथा 10 किलोग्राम के पैकेट में बेचा जाएगा। खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इन सहकारी समितियों की 'मोबाइल वैन' को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा, 'यह उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए एक अस्थायी हस्तक्षेप है।' सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण कोष के अंतर्गत दूसरे चरण में खुदरा हस्तक्षेप के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से 3.69 लाख टन गेहूं और 2.91 लाख टन चावल आवंटित किया है।

जोशी ने कहा, 'यह तब तक जारी रहेगा जब तक आवंटित भंडार समाप्त नहीं हो जाता। यदि और अधिक की आवश्यकता होगी तो हमारे पास पर्याप्त भंडार है और हम पुनः आवंटन करेंगे।' नए मूल्य निर्धारण ढांचे के तहत गेहूं का आटा पांच तथा 10 किलोग्राम के पैक में 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध होगा, जबकि चावल 34 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जाएगा। पहले चरण की दरें क्रमशः 27.5 रुपये तथा 29 रुपये प्रति किलोग्राम से इसमें मामूली वृद्धि की गई है। पहले चरण में चावल की कम बिक्री पर जोशी ने कहा कि सरकार का मकसद कारोबार करना नहीं है।

उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत देना और बाजार में कीमतों को नियंत्रित करना है।' मंत्री ने कहा कि यदि मांग की गई तो सरकार छोटे आकार के पैकेट लाने पर विचार करेगी। जोशी ने चावल के अधिशेष भंडार के बावजूद कीमतों में स्थिरता को समझने के लिए एक अध्ययन का आह्वान किया। हालांकि उन्होंने कहा कि कीमतें काफी हद तक नियंत्रण में हैं, केवल सामान्य गुणवत्ता वाली किस्मों में मामूली उतार-चढ़ाव है। पहले चरण में अक्टूबर, 2023 से 30 जून, 2024 तक 15.20 लाख टन गेहूं का आटा और 14.58 लाख टन चावल का वितरण किया गया था।

जोशी ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर निरंतर हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त भंडार उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर खाद्य राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा और खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा भी उपस्थित रहे।

## हरियाणा, त्रिपुरा, मिजोरम के ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए अनुदान जारी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

केंद्र ने त्रिपुरा तथा हरियाणा के ग्रामीण स्थानीय निकायों को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 15वें वित्त आयोग के अनुदान की पहली किस्त और मिजोरम को दूसरी किस्त जारी कर दी है।

पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार, त्रिपुरा में पारंपरिक स्थानीय निकायों, 40 ब्लॉक सलाहकार समितियों और 587 ग्राम समितियों सहित सभी 1,260 ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के लिए कुल 31.40 करोड़ रुपये का 'अनटाइड' अनुदान और 47.10 करोड़ रुपये का 'टाइड' अनुदान जारी किया है। आरएलबी द्वारा वेतन और अन्य स्थापना लागतों को छोड़कर, स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं के लिए 'अनटाइड' (अबद्ध) अनुदान का इस्तेमाल किया जाता है। 'टाइड' अनुदान का इस्तेमाल बुनियादी सेवाओं जैसे स्वच्छता, खुले में शौच से रोकने के लिए और पेयजल की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण के लिए किया जाता है।

पंचायती राज मंत्रालय ने अपने बयान में बताया कि हरियाणा को 194.867 करोड़ रुपये का 'अनटाइड' अनुदान मिला है। यह राशि राज्य की 18 पात्र जिला पंचायतों, 139 ब्लॉक पंचायतों और 5,911 ग्राम पंचायतों को वितरित की गई है। मिजोरम को क्रमशः 14.20 करोड़ रुपये और 21.30 करोड़ रुपये का 'अनटाइड' और 'टाइड' अनुदान मिला। यह धनराशि स्वायत्त जिला परिषद क्षेत्रों सहित सभी 834 ग्राम परिषदों को वितरित की गई है। मंत्रालय ने कहा कि वित्त आयोग के अनुदान का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं और आरएलबी को अधिक सक्षम, जवाबदेह तथा आत्मनिर्भर बनाना है।

# करदाता का ब्याज माफ होने की राह हुई आसान

■ आयकर अफसरों को ब्याज कम करने या माफ करने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली (भाषा)।**

आयकर विभाग ने कर अधिकारियों को निर्दिष्ट शर्तों के अधीन करदाता के देय ब्याज को माफ करने या कम करने की अनुमति दे दी है। आयकर अधिनियम की धारा 220 (2ए) के तहत यदि कोई करदाता किसी मांग नोटिस में निर्दिष्ट कर राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसे भुगतान करने में देरी की अवधि के लिए एक प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज का भुगतान करना होगा।

यह अधिनियम प्रधान मुख्य आयुक्त (पीआरसीसीआईटी) या मुख्य आयुक्त (सीसीआईटी) या प्रधान आयुक्त (पीआरसीआईटी) या आयुक्त रैंक के अधिकारियों को देय ब्याज राशि को कम करने या माफ करने का अधिकार भी देता है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने चार नवंबर को जारी एक परिपत्र के जरिए ब्याज की मौद्रिक सीमा निर्दिष्ट की है जिसे कर अधिकारी माफ कर सकते हैं या कम कर सकते हैं। इसके अनुसार, पीआरसीसीआईटी रैंक का अधिकारी 1.5 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया ब्याज को कम करने या माफ करने का फैसला कर सकता है। 50 लाख रुपये से 1.5 करोड़ रुपये तक के बकाया ब्याज के लिए सीसीआईटी रैंक का अधिकारी छूट/कटौती का फैसला करेगा, जबकि पीआरसीआईटी या आयकर आयुक्त 50 लाख रुपये तक के बकाया ब्याज पर फैसला कर सकते हैं।

वहीं धारा 220(2ए) के तहत देय ब्याज में कटौती या छूट तीन निर्दिष्ट शर्तों के पूरा होने पर मिलेगी। ये शर्तें हैं, ऐसी राशि के भुगतान से करदाता को वास्तविक कठिनाई हुई है या होगी। ब्याज भुगतान में चूक करदाता के नियंत्रण से परे परिस्थितियों के कारण हुई थी। करदाता ने कर निर्धारण से संबंधित जांच में या उससे देय किसी राशि की वसूली की कार्यवाही में सहयोग किया है।

नांगिया एंड कंपनी एलएलपी साझेदार सचिन गर्ग ने कहा, 'सीबीडीटी के इस कदम से धारा 220 के तहत ब्याज में छूट या कमी के लिए करदाता द्वारा किए गए आवेदनों का शीघ्र निपटान करने में मदद मिलने की उम्मीद है। यह ध्यान देने योग्य है कि अधिनियम की धारा 220 के तहत ब्याज में ऐसी कमी या छूट की मांग करने के लिए जिन निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करना आवश्यक है, उनमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।'

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन ने कहा कि इस कदम से ब्याज राहत देने में पारदर्शिता और दक्षता को बढावा मिलेगा।

■ सीबीडीटी ने कर अफसरों के लिए ब्याज माफ करने की राशि की सीमा तय की

■ पीआरसीसीआईटी रैंक का अफसर डेढ़ करोड़ से ज्यादा राशि के मामले में ले सकता है फैसला




**तीन शर्तों पर मिलेगी यह छूट**

1. करदाता को भुगतान में वास्तविक कठिनाई होने पर
2. नियंत्रण से परे हालात में भुगतान से चूक होने पर
3. कर निर्धारण में अफसर के साथ सहयोग करने पर

**क्या हैं नियम** — आयकर कानून के तहत यदि कोई करदाता किसी मांग नोटिस में निर्दिष्ट कर राशि का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसे भुगतान करने में देरी की अवधि के लिए एक प्रतिशत प्रति माह की दर से ब्याज का भुगतान करना होता है। इसी ब्याज को माफ करने की बात कही गई है।

## कर अफसरों ने 18000 फर्जी कंपनियों की 25000 करोड़ की कर चोरी पकड़ी

**नई दिल्ली (भाषा)।** कर अधिकारियों ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत पंजीकृत करीब 18,000 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जो करीब 25,000 करोड़ रुपये की कर चोरी में शामिल हैं। फर्जी कंपनियों के खिलाफ हाल ही में संपन्न राष्ट्रव्यापी अभियान में अधिकारियों ने 73,000 कंपनियों की पहचान की थी, जिनके बारे में उन्हें संदेह था कि वे बिना किसी वास्तविक माल की बिक्री के केवल 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' (आईटीसी) का लाभ उठाने के लिए स्थापित की गई थीं और इस तरह ये कंपनियां सरकारी खजाने को चूना लगा रही थीं। अधिकारी ने कहा, 'फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरे राष्ट्रव्यापी अभियान में हमने सत्यापन के लिए लगभग 73,000 जीएसटीआईएन की पहचान की थी। इनमें से लगभग 18,000 अस्तित्वहीन पाए गए। ये फर्जी कंपनियां लगभग 24,550 करोड़ रुपये की कर चोरी में शामिल थीं।' विशेष अभियान के दौरान कंपनियों द्वारा लगभग 70 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक जीएसटी भुगतान किया गया। सरकार फर्जी जीएसटी पंजीकरण की जांच के लिए लक्षित कार्रवाई कर रही है और अधिक से अधिक भौतिक सत्यापन हो रहा है। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरा राष्ट्रव्यापी अभियान 16 अगस्त से अक्टूबर के अंत तक चला। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ पिछले साल 16 मई से 15 जुलाई तक चले पहले राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जीएसटी पंजीकरण वाली 21,791 इकाइयों का अस्तित्व नहीं पाया गया था। अभियान के दौरान 24,010 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी का पता चला था।

# सात देशों से आने वाले 'पीवीसी रेजिन' पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की मंजूरी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर ने घरेलू उत्पादकों को संरक्षण देने के मकसद से चीन, अमेरिका और दक्षिण कोरिया सहित सात देशों से 'पीवीसी रेजिन' के आयात पर 339 डालर प्रति टन तक डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है।




व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने निष्कर्ष निकाला है कि 'पीवीसी सस्पेंशन रेजिन' को भारत में सामान्य मूल्य से कम कीमत पर निर्यात किया गया जिसके परिणामस्वरूप डंपिंग हुई है। निदेशालय की अधिसूचना में कहा गया है कि इन देशों चीन, इंडोनेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, ताइवान, थाईलैंड और अमेरिका से आयात के कारण घरेलू उद्योग को भारी नुकसान हुआ है। इसमें कहा गया, 'तदनुसार प्राधिकरण आयात पर अस्थायी डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करता है।'

अनुशंसित शुल्क 25 अमेरिकी डालर प्रति टन से लेकर 339 अमेरिकी डालर प्रति टन के बीच है। शुल्क लगाने का अंतिम निर्णय वित्त मंत्रालय लेता है। डीजीटीआर ने डीसीएम श्रीराम और डीसीडब्ल्यू लिमिटेड सहित घरेलू कंपनियों से मिले आवेदनों के बाद जांच की थी। इन 'रेजिन' का इस्तेमाल आमतौर पर विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है, जिनमें पाइप व फिटिंग, फिल्म और शीट, बोतलें, तार और केबल शामिल हैं। डंपिंग रोधी जांच विभिन्न देशों द्वारा यह पता लगाने के लिए की जाती है कि सस्ते आयात में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योगों को नुकसान तो नहीं पहुंचा है।

## एनबीसीसी को भारतीय मानक ब्यूरो से मिला 500 करोड़ रुपये का ठेका

**नई दिल्ली (भाषा)।**

सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से 500 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

एनबीसीसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसे नई दिल्ली स्थित बीआईएस मुख्यालय; गाजियाबाद के साहिबाबाद स्थित केंद्रीय प्रयोगशाला, नोएडा स्थित राष्ट्रीय मानकीकरण प्रशिक्षण संस्थान, मोहाली स्थित उत्तरी क्षेत्रीय प्रयोगशाला और बेंगलुरु स्थित शाखा प्रयोगशाला में भवन निर्माण का ठेका मिला है। ठेके का मूल्य 500 करोड़ रुपये है। एनबीसीसी परियोजना प्रबंधन परामर्श और रियल एस्टेट कारोबार में है।

**सीबीआईसी ने जारी किए निर्देश**

# धोखाधड़ी की जांच एक साल में पूरी करें सीमा शुल्क अफसर

**नई दिल्ली (भाषा)।**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने सीमा शुल्क अधिकारियों से निर्यात/आयात धोखाधड़ी के मामलों में पत्र/समन जारी करते समय चल रही जांच की विशिष्ट प्रकृति का खुलासा करने और एक साल के भीतर जांच पूरी करने को कहा है।

सीबीआईसी ने एक निर्देश में कहा, 'अधिकारियों को वस्तुओं के आयात या निर्यात में कर चोरी की जांच के दौरान एक ''संतुलित'' दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए ताकि कारोबार सुगमता में व्यवधान से बचा जा सके। इन्हें आमतौर पर वाणिज्यिक आसूचना/धोखाधड़ी (सीआई) मामले कहा जाता है। सीबीआईसी ने कहा, 'जांच शुरू करने से पहले यह जरूरी है कि सभी सूचनाओं पर गौर किया जाए तथा आयातक/निर्यातक के साथ संपर्क को कम करने के लिए उपलब्ध आंकड़ों की दोबारा जांच की जाए।'

आयुक्तालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आयुक्त किसी भी खुफिया जानकारी, जांच और उसको विकसित करने तथा अनुमोदित करने के लिए जिम्मेदार होता है। सीबीआईसी ने एक नवंबर को जारी निर्देश में कहा, 'किसी भी वाणिज्यिक आसूचना या धोखाधड़ी के मामले की जांच जल्द से जल्द निष्कर्ष पर पहुंचनी चाहिए, जो सामान्यतः एक वर्ष से अधिक नहीं होती है।' सीबीआईसी के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि दिशानिर्देश सीआई धोखाधड़ी मामलों की जांच के दौरान न्यूनतम व्यवधान के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हैं।

अग्रवाल ने सीबीआईसी अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा, 'ये उपाय पारदर्शिता बनाए रखने, अनावश्यक देरी को कम करने और अधिक व्यापार-अनुकूल वातावरण बनाने के लिए तैयार किए गए हैं।' जांच करने के प्रारंभिक निर्णय के बाद, सीमा शुल्क अधिकारी निर्यातक/ आयातक से दस्तावेज मांग सकते हैं। इसमें कहा गया, सीआई मामलों में सूचना/दस्तावेज मांगते समय, पत्र/समन में शुरू की जा रही जांच की विशिष्ट प्रकृति का खुलासा किया जाना चाहिए तथा अस्पष्ट (या सामान्य) अभिव्यक्तियों से बचा जाना चाहिए।

# भविष्य में हेल्थ सेक्टर की सेहत बेहतर रखने को सरकार तैयार

**नई दिल्ली (भाषा)।**

नीति आयोग के सदस्य वी. के. पॉल ने मंगलवार को कहा कि सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए इसमें नई ऊर्जा फूंकने को प्रतिबद्ध है।

'फिक्की हील 2024' सम्मेलन को संबोधित करते हुए पॉल ने कहा कि 'विकसित भारत' का मतलब 32,000 अरब अमेरिकी डालर की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ प्रति व्यक्ति आय को मौजूदा 2,500 अमेरिकी डालर से बढ़ाकर 18,000 डालर करना भी है। उन्होंने कहा, 'हम सिर्फ एक योजना नहीं चला रहे हैं, बल्कि संपूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का निर्माण कर रहे हैं। जो भविष्य के लिए तैयार होगी और 2047 तक हमारे देश को विकसित बनाने की यात्रा में मददगार होगी।'



पॉल ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र इस यात्रा का आधार होगा और इसे अन्य क्षेत्रों से आगे निकलने का प्रयास करना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल को रेखांकित करते हुए पॉल ने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि नई प्रौद्योगिकियों को अपनाया जाए। उन्होंने उद्योग जगत से इसके लिए आगे आने का आग्रह करते हुए कहा, 'हम चाहते हैं कि भारत न केवल स्वास्थ्य के लिए एआई का सबसे बड़ा उपभोक्ता बने, बल्कि स्वास्थ्य के लिए एआई का सबसे बड़ा निर्माता भी बने।'

पॉल ने कहा कि सरकार भारत में एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए काम कर रही है, जिससे 2047 तक औसत जीवनकाल 71 वर्ष से बढ़कर 85 वर्ष हो जाएगा, साथ ही चिकित्सकीय अनुपात तथा अस्पताल बिस्तर अनुपात में भी वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि सरकार आयुष्मान भारत योजना के विस्तार के लिए अधिक क्षमता सृजित कर रही है, जिसके अंतर्गत अब 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, 'सरकार बुजुर्गों को सम्मान के साथ सेवाएं मुहैया कराने के लिए अतिरिक्त क्षमता के साथ तैयार है।'

## केपी एनर्जी को हरित ऊर्जा परियोजनाओं का मिला ठेका

**नई दिल्ली (भाषा)।**

केपी एनर्जी लिमिटेड को गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जीयूवीएनएल) से करीब 1,000 मेगावाट क्षमता की नई हरित ऊर्जा परियोजनाएं मिली हैं।

कंपनी ने बताया ढ्ढ वह दोनों पक्षों के बीच सहमत तथा निष्पादित किए जाने वाले निश्चित समझौतों के अनुरूप परियोजनाओं का विकास करेगी। हालांकि, उसने इसके वित्तीय विवरण संबंधी कोई जानकारी नहीं दी। केपी एनर्जी ने कहा, परियोजनाओं का कुल आकार 1003.7 मेगावाट है। कंपनी परियोजनाओं के लिए ईपीसीसी सहित कई सेवाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगी।

# स्विगी का IPO आज

**नई दिल्ली (भाषा)।** आनलाइन आर्डर लेकर खाने का सामान पहुंचाने वाली कंपनी स्विगी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को खुलेगा। कंपनी निर्गम के तहत लगभग 11.3 अरब डालर का मूल्यांकन चाहती है। बेंगलुरु स्थित कंपनी आईपीओ से 11,327 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है, जिसमें 4,499 करोड़ रुपये का नए शेयरों का निर्गम और 6,828 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। स्विगी ने आईपीओ के लिए 371 रुपये से 390 रुपये प्रति शेयर का कीमत दायरा तय किया है। यह निर्गम छह नवंबर को खुलेगा और आठ नवंबर को बंद होगा। स्विगी फूड मार्केटप्लेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित कपूर ने मूल्यांकन के बारे में कहा, 'हमें लगता है कि हमने इसकी कीमत सही रखी है और हम अगले कुछ दिन का इंतजार कर रहे हैं।'

स्विगी का मूल्यांकन कीमत के ऊपरी छोर पर लगभग 11.3 अरब अमेरिकी डालर (लगभग 95,000 करोड़ रुपये) आंका गया है। जुलाई, 2021 में सूचीबद्ध हुई उसकी प्रतिद्वंद्वी जोमैटो का बाजार मूल्यांकन 2.13 लाख करोड़ रुपये है। कपूर ने एक साक्षात्कार में कहा, 'हमारा मूल्य निर्धारण 371-390 रुपये प्रति शेयर के दायरे में है, जो लगभग 11.3 अरब डालर के बराबर है।' स्विगी के मूल्यांकन में कटौती को लेकर मीडिया में आई खबरों के बारे में पूछने पर कपूर ने स्पष्ट किया कि मूल्यांकन में कोई कमी नहीं की गई है।

# फेस्टिव सीजन में खपत वृद्धि दर घट कर आधी हुई

**मुंबई (भाषा)।**

जापानी ब्रोकरेज कंपनी नोमुरा ने बुधवार को कहा कि चालू वर्ष में त्योहारी खपत में वृद्धि दर आधी होकर 15 प्रतिशत रह गई है।

ब्रोकरेज के विश्लेषकों ने अपने निष्कर्षों को मोटे अनुमान के रूप में बताया और कहा कि 2023 में यह वृद्धि 32 प्रतिशत और 2022 में 88 प्रतिशत रही। उन्होंने एक टिप्पणी में कहा, 'शुरुआती आंकड़ों से पता चलता है कि इस त्योहारी सत्र के दौरान खुदरा बिक्री (ऑफलाइन और ऑनलाइन) बढी है, लेकिन कुल मिलाकर वृद्धि दर धीमी है।'



इसमें कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों और दूसरी तथा तीसरी श्रेणी के शहरों में त्योहारी मांग स्थिर रही, लेकिन महानगरों और औद्योगिक मांग कमजोर रही। ऐसे में कुल मिलाकर त्योहारी खपत का रुझान मिलाजुला रहा। पिछले महीने, केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने कहा था कि शहरी मांग कमजोर थी।

## भारत की वृद्धि दर को देखते हुए एनएसई में भागीदारी बढ़ाएंगे विदेशी निवेशक

**सिंगापुर (भाषा)।** एनएसई इंटरनेशनल क्लियरिंग के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नीरज कुलश्रेष्ठ ने कहा कि 'एनएसई' पर कारोबार में तेजी देखी जा रही है और भारत की समग्र वृद्धि दर में बढ़ती वैश्विक रुचि से यह गति जारी रहने की संभावना है। सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल (एसएफएफ) में सोमवार को कुलश्रेष्ठ ने कहा कि विदेशी निवेशकों द्वारा गिफ्ट सिटी निफ्टी में अपनी भागीदारी बढ़ाने की संभावना है। 'एसएफएफ वीक' की शुरुआत सोमवार को हुई। कुलश्रेष्ठ ने कहा, 'जुलाई 2023 में एनएसई निफ्टी को गिफ्ट सिटी में एनएसई में स्थानांतरित करने से संबंधित चिंताएं दूर हो गई हैं। इसके बाद से जुलाई 2023 में नौ अरब अमेरिकी डालर के 'ओपन इंटरेस्ट ट्रेड' के साथ 60 अरब डालर से बढ़कर अक्टूबर 2024 में 100 अरब डॉलर और 'ओपन इंटरेस्ट' के 20 अरब डॉलर से अधिक की वृद्धि जारी रही।

## सेंसेक्स 694 अंक चढ़ा

**मुंबई (भाषा)।** बैंकिंग, इस्पात और पेट्रोलियम तथा गैस शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 694 अंक या 0.88 प्रतिशत उछलकर 79,476.63 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 217.95 अंक या 0.91 प्रतिशत चढकर 24,213.30 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार कमजोरी के साथ खुले और पहले आधे हिस्से में नकारात्मक रुझान के साथ एक सीमित दायरे में रहे। इस दौरान सेंसेक्स 78,296.70 अंक के निचले स्तर पर तथा निफ्टी 23,842.75 अंक के निचले स्तर पर आया। हालांकि, दोपहर के सत्र में खरीदारी आने से सूचकांकों को नुकसान से उबरने में मदद मिली और ये बढ़त के साथ बंद हुए।



# 200 करोड़ के करीब पहुंची 'भूल भुलैया 3'

**मुंबई।** भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'भूल भुलैया 3' इन दिनों सिनेमाघरों में लगी है। यह फिल्म दिवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुई। बॉक्स ऑफिस पर इसकी ताबड़तोड़ कमाई जारी है। देश के साथ-साथ यह फिल्म विदेशों में भी अच्छे नोट छाप रही है। वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें तो यह 200 करोड़ क्लब के करीब पहुंच चुकी है। भूल भुलैया ने पहले दिन शुक्रवार को 35.5 करोड़ रुपए की ओपनिंग ली। दूसरे दिन शनिवार को 37 करोड़ और तीसरे दिन रविवार को 33.5 करोड़ रुपए का कारोबार किया। करीब 150 करोड़ रुपए के बजट में बनी भूल भुलैया 3 ने कल मंडे टेस्ट भी अच्छे नंबरों से पास कर लिया है।

लाइफStyle

# जैकलीन

## कमजोरों की मदद के लिए आईं आगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने यूट्यूबर 'मिस्टर बीस्ट' के साथ मिलकर उनके चैरिटेबल ट्रस्ट 'बीस्ट फिलैंथ्रोपी' को सहयोग दिया है। 'मिस्टर बीस्ट, जिन्हें जेम्स स्टीफन जिमी डोनाल्डसन के नाम से भी जाना जाता है। इनके यूट्यूब पर 320 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं।

'मिस्टर बीस्ट'ने अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की मदद से सामुदायिक सेवा अभियानों के जरिए लाखों डॉलर जुटाने में मदद की है। अपनी पहल के तहत बीस्ट फिलैंथ्रोपी भारत में ने कमजोर महिलाओं और बच्चों के लिए काम करने वाले भारतीय एनजीओ उदयन केयर के साथ भागीदारी करता है। बच्चों को मेंटर मुहैया कराने की दिशा में एनजीओ के प्रयासों के तहत जैकलीन ने दिल्ली का दौरा किया। अभिनेत्री उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद की एक युवा डिजाइनर शीतल की ड्रेस से प्रभावित हुईं, जिसे शीतल ने दिग्गज डिजाइनर अलेक्जेंडर मैकक्वीन से प्रेरित होकर बनाया था। इस ड्रेस को पहनने के दौरान जैकलीन ने कहा, 'आपने मुझे वाकई बहुत अच्छा महसूस कराया। इसे पहनने से बहुत शक्तिशाली महसूस होता है।' इस ड्रेस को तीन महीने के भीतर तैयार किया गया है। इस शानदार ड्रेस की नीलामी बीस्ट फिलैंथ्रोपी वेबसाइट पर की जाएगी, जिससे होने वाली कमाई उदयन केयर के मिशन में लगाई जाएगी। अभिनेत्री ने नए सहयोग के बारे में बात करते हुए कहा, 'शीतल से मिलना प्रेरणादायक था। हालांकि, इससे मुझे यह भी एहसास हुआ कि कई युवा लड़कियों को अभी भी महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ता है।



हॉलीवुड मसाला

# फिर जमेगी रयान-ह्यू की जोड़ी...




**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की फिल्म 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में रयान रेनॉल्ड्स और ह्यू जैकमैन साथ नजर आए। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही है। इस एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर इन दोनों सितारों के फैंस खुश हो जाएंगे। दरअसल, रयान रेनॉल्ड्स एक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें वे अपने 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' फिल्म के सह-अभिनेता ह्यू जैकमैन और निर्देशक शॉन लेवी के साथ काम करेंगे। यह मार्वल्स की फिल्म नहीं है। खुद रेनॉल्ड्स ने कहा है कि एमसीयू से इस फिल्म का कोई लेना-देना नहीं है।



# 'अच्छी कहानी सुनना पसंद करते हैं दर्शक'

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड निर्माता-निर्देशक टॉम हैंक्स का मानना है कि अब लोग सुपरहीरो और वीएफएक्स तमाशे को देखने की बयाज इसकी अच्छी कहानी पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। दर्शक जानना चाहते हैं कि आखिरकार, कहानी में क्या खास है और इसकी थीम क्या है। आखिरकार पूरी फिल्म की कहानी क्या है। टॉम हैंक्स का कहना है कि अब फिल्म देखने वाले लोग सुपरहीरो और वीएफएक्स तमाशे से ज्यादा अच्छी कहानी सुनना पसंद करते हैं। टॉम ने कहा, 'हमारे पास सुपरहीरो को एक्सप्लोर करने के लिए 20 साल थे। अब हम ऐसी जगह पर हैं, जहां लोग सवाल करते हैं कि आखिरकार फिल्म की कहानी क्या है। इसकी थीम क्या है और आखिरकार इस फिल्म को बनाने का मकसद क्या है।' टॉम हैंक्स अभिनेता, निर्माता, लेखक और निर्देशक हैं।



# गर्ल गैंग के साथ मनाई पायजामा पार्टी

**मुंबई।** खुशी कपूर जो मशहूर अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की बहन हैं। हमेशा ही सादगी में रहना पसंद करती हैं। हाल ही में खुशी ने अपना 24वां जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री ने अपनी बहन शनाया कपूर, आलिया कश्यप, अंजिनी धवन और अन्य दोस्तों सहित अपनी गर्ल गैंग के साथ एक मजेदार पायजामा पार्टी का आयोजन किया और उसका आनंद उठाया। खुशी के जन्मदिन के जश्न में उनके कथित बॉयफ्रेंड वेदांग रैना भी शामिल हुए, तस्वीरों में खुशी के साथ उनके पिता बोनी कपूर भी नजर आ रहे हैं। खुशी कपूर ने पायजामा पार्टी से कुछ तस्वीरें साझा की। उन्होंने तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'चैप्टर 24 मेरे पसंदीदा लोग एक चौंकाने वाले उत्सव में'। तस्वीरों में खुशी कपूर अपनी गर्ल स्क्वाड के साथ पोज देती नजर आ रही हैं।




# अजय की 'आजाद' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** अजय देवगन की फिल्म 'आजाद'का आधिकारिक टीजर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म में घोड़े की वफादारी और बहादुरी पर केंद्रित कहानी देखने को मिलेगी। इस फिल्म से राशा थडानी और अमन देवगन डेब्यू कर रहे हैं। 'आजाद'को जनवरी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। टीजर में अजय को अंग्रेजों से लोहा लेते हुए देखा जा रहा है। कई दृश्यों में वह खतरनाक एक्शन करते हुए भी नजर आ रहे हैं। टीजर की शुरुआत बैकग्राउंड में यह कहते हुए सुनाई पड़ता है, 'हल्दीघाटी में उस दिन एक तरफ महाराणा प्रताप की लगभग 8-9 हजार की फौज थी, तो दूसरी तरफ 40 हजार फौजी थे, लेकिन जो सबसे खास घोड़ा था वो खुद महाराणा प्रताप के पास था, हाथी जितना ऊंचा, मोर सी गर्दन, बिजली सी चाल, जब छलांग मारे तो पूरी घाटी लांघ के पार कर जाए।'

टीवी मसाला



# रजत ने खोया आपा, अविनाश से कर बैठे हाथापाई...

**मुंबई।** 'बिग बॉस 18' के घरवालों का पारा हर दिन चढ़ता जा रहा है और कंटेस्टेंट्स हर गुजरते दिन के साथ एक-दूसरे के साथ भिड़ते जा रहे हैं। एक-दूसरे बहस और झगड़ा कर रहे हैं। 'बिग बॉस 18' के अपकमिंग एपिसोड में रजत और टाइम गॉड विवियन डीसेना के बीच बहस में अविनाश मिश्रा कूद पड़ते हैं, जिसके बाद रजत दलाल, अविनाश मिश्रा पर अपना आपा खोते हुए दिखाई देते है। शो के लेटेस्ट प्रोमो में रजत और अविनाश एक भयंकर लड़ाई में उलझे हुए दिखाई देते हैं और उन्हें ईशा सिंह, दिग्विजय सिंह राठी और अरफीन खान रोकते हैं। लड़ाई तब शुरू होती है जब विवियन, रजत से पूछते हैं कि जेल में रहने के दौरान उन्होंने सभी घरवालों के बीच बराबर खाना क्यों नहीं बांटा। रजत को विवियन से खुद के लिए बोलने के लिए कहते हुए सुना जाता है, जिसके बाद एक्टर यह कहते हुए पलटवार करते हैं कि उन्हें लोगों को सिर्फ बोलने से ज्यादा सबक सिखाना पसंद है। अविनाश फिर कहते हैं कि रजत उनसे डरता है और दोनों के बीच हाथापाई हो जाती है। दिग्विजय, अरफीन और ईशा झगड़े को रोकने के लिए बीच-बचाव करने की कोशिश करते हैं। ईशा फर्श पर गिर जाती है और उन्हें चोट लगती है।

## पौद्दार परिवार को मिलेगी बुरी खबर, अभिरा को हड़बड़ी में हॉस्पिटल लेकर जाएगा अरमान

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'की कहानी में नया मोड़ आएगा। गुरुवार के दिन टेलीकास्ट होने वाले एपिसोड में अरमान हड़बड़ी में अभिरा को हॉस्पिटल ले जाते नजर आएगा। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में लीप आएगा। ये लीप कुछ महीनों का ही होगा। लीप के बाद अभिरा और रूही का बेबी बंप दिखाया जाएगा। एक तरफ, पौद्दार हाउस में अभिरा और रूही की गोदभराई की रस्म होगी। दूसरी तरफ, पंडित जी, दादी-सा और विद्या को बुरी खबर देंगे। पंडितजी भविष्यवाणी करेंगे कि पौद्दार हाउस में दो नहीं, सिर्फ एक बच्चा आएगा। पंडितजी भविष्यवाणी सुन दादी-सा और विद्या घबरा जाएंगे। सामने आए प्रोमो में दादी-सा और विद्या, रूही और अभिरा के पैरों के निशान लेते नजर आते हैं। वे दोनों के पैरों के निशान पंडित जी को दिखाते हैं। दादी-सा, पंडिज जी से कहती हैं, 'ये हमारी दोनों बहुओं के पांव के निशान हैं।



# कभी इडली बेचने की मिली थी सलाह हीरोइन साथ काम करने के लिए कर देती थीं मना

**नई दिल्ली।** इस फोटो में दिख रहे बच्चे की आज बॉलीवुड में धमक है। हर किसी के लिए इसका नाम ही काफी है। देश के हर कोने में इसकी अलग ही फैन फॉलोइंग है। लेकिन शुरुआत में अपनी पहचान बनाने के लिए इसे बड़े ही स्ट्रगल करने पड़े। एक समय तो ऐसा भी था, जब इस हीरो के साथ काम करने के लिए कोई हीरोइन ही राजी नहीं होती थीं। उन्हें फिल्में छोड़ खाना बेचने तक की सलाह मिलती, लेकिन बिना टूटे और बिना हारे इस लड़के ने मेहनत जारी रखी और आज सालाना कमाई 100 करोड़ रुपए है। ये कोई और नहीं बल्कि अन्ना नाम से मशहूर सुनील शेट्टी हैं। सामान्य से दिखने वाले सुनील शेट्टी ने अपने टैलेंट के दम पर ऐसा मुकाम हासिल किया है कि आज उनकी गिनती हिंदी सिनेमा के टॉप मोस्ट स्टार्स में होती है।



## जबरदस्त फिल्मी करियर के बाद ओटीटी में दी दस्तक

सुनील शेट्टी की सोलो फिल्में भले ही ज्यादा हिट न रही हों, लेकिन कई बड़ी फिल्मों में उनकी एक्टिंग का जलवा देखने को मिला है। आजकल ओटीटी पर उनकी दूसरी पारी की शुरुआत चल रही है। हाल ही में आई 'धारावी बैंक' वेब सीरीज में उन्हें देखा गया था. उनका किरदार दर्शकों को एक बार फिर पसंद आया है।

## घर लौट जाने तक को कह दिया था

अन्ना यानी सुनील शेट्टी के लिए बॉलीवुड में अपनी जगह बना पाना बिल्कुल भी आसान नहीं था। शुरू-शुरू में उनकी एक्टिंग स्किल्स देखकर उन्हें सलाह देने वालों की लाइन सी लगी रहती थी। एक राइटर और फिल्म क्रिटिक ने तो उन्हें वापस घर लौट जाने तक को कह दिया था। एक इंटरव्यू में खुद सुनील शेट्टी ने इसका खुलासा किया और बताया कि उस क्रिटिक ने कहा था कि उन्हें इडली बेचने के लिए वापस जाना चाहिए। फिल्में उनके बस की बात नहीं हैं।

# 'आई वांट टू टॉक' का इमोशनल ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** अभिषेक बच्चन स्टारर फिल्म 'आई वांट टू टॉक' का मंगलवार 5 नवंबर को ट्रेलर रिलीज किया गया। इस फिल्म में अभिषेक ने अर्जुन का किरदार निभाया है, जो अपनी साधारण जिंदगी में एक्स्ट्राऑर्डिनरी चैलेंज फेस करता है। 'आई वांट टू टॉक' का निर्देशन शूजित सरकार ने किया है। 'आई वांट टू टॉक' 22 नवंबर को रिलीज के लिए तैयार है। 'आई वांट टू टॉक' का ट्रेलर का ट्रेलर एक बीमार बाप (अभिषेक बच्चन-अर्जुन) और खुले विचार वाली बेटी (मिनी) के इर्द-गिर्द घूमती है। अभिषेक एक स्पाइनल बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके पास वक्त बहुत कम है। वहीं, वह अपनी बीमारी के बीच अपनी बेटी की देख-रेख करते हैं। इस बाप-बेटी की इमोशनल कहानी का ट्रेलर साझा करते हुए अभिषेक ने लिखा, 'जो सामान्य जीवन की तलाश में असाधारण चुनौतियों का सामना करता है'। इसके आगे अभिषेक ने लिखा, I want to talk 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




## 'अफसाना' से करियर की थीं शुरुआत, फिर अचानक सब कैसे हो गया बर्बाद

# खड़ा किया ऐसा प्रोडक्शन हाउस जिसने सिनेमा को दीं हिट फिल्में

*__नई दिल्ली।__ बलदेव राज चोपड़ा, सिनेमा की ऐसी शख्सियत जिन्होंने कई लोकप्रिय फिल्मों की सौगात दी। और इससे भी बढ़कर छोटे परदे की दुनिया में 'महाभारत' जैसा धारावाहिक रच दिया। बी.आर. चोपड़ा का जन्म 22 अप्रैल 1914 को तत्कालीन पंजाब के लुधियाना हुआ था। लाहौर यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद 1944 से बी आर चोपड़ा मासिक पत्रिका सिने हेराल्ड से जुड़ गए। उन्होंने फिल्म 'अफसाना' से अपने करियर की शुरुआत की। साल 1955 में बलदेव राज चोपड़ा ने अपना खुद का प्रोडक्शन हॉउस बीआर फिल्म्स शुरू किया। कई सफल फिल्में देने के बाद यह प्रोडक्शन हाउस बर्बादी की कगार पर आ गया।*

## साहित्यिक चोरी का लगा आरोप

कॉमेडी फिल्म बंदा ये बिंदास है में गोविंदा, तब्बू, लारा दत्ता और बोमन ईरानी जैसे सितारे लिए गए। हॉलीवुड से कंटेंट लेकर बॉलीवुड फिल्मों में इस्तेमाल करने का चलन रहा। लेकिन, इस फिल्म फिल्म की मेकिंग के दौरान ऐसा करना भारी पड़ गया। इस फिल्म के निर्देशन का जिम्मा रवि चोपड़ा ने संभाला। ऐसा पहली बार हुआ कि उन पर केस हो गया। केस में पैनल्टी इतनी ज्यादा लगी कि इसके चक्कर में बीआर फिल्म्स बर्बाद हो गया। प्रोडक्शन हाउस पर छाए मुसीबतों के बादलों को छांटते हुए रवि चोपड़ा का साल 2014 में निधन हो गया। उनके बाकी दो बच्चे भी अब गुमनामी की जिंदगी जी रहे हैं। 'बंदा ये बिंदास है' को लेकर 20वीं सेंचुरी फॉक्स ने निर्माता बीआर फिल्म्स के खिलाफ साहित्यिक चोरी का मुकदमा किया था। केस में आरोप लगाया गाय कि उनकी 1992 में आई फिल्म 'माई कजिन विन्नी' की नकल करके 'बंदा ये बिंदास है' बनाई गई है। इस चक्कर में फिल्म भी ठंडे बस्ते में चली गई।



### शाहरुख आए मदद का हाथ बढ़ाने

डूब चुके बीआर फिल्म्स की मदद शाहरुख खान ने करनी चाही। उन्होंने साल 2017 में फिल्म 'इत्तेफाक बनाई। यह फिल्म बीआर चोपड़ा द्वारा निर्मित 1969 में आई फिल्म 'इत्तेफाक' का रीमेक थी। इसका निर्देशन बीआर चोपड़ा के पोते अभय चोपड़ा ने किया। फिल्म में अक्षय खन्ना, सिद्धार्थ मल्होत्रा और सोनाक्षी सिन्हा ने काम किया। शाहरुख खान मदद करने भले आए, लेकिन कहा जाता है कि इसके राइट्स शाहरुख खान के पास थे। इसे बीआर फिल्म्स के अलावा शाहरुख खान के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाया गया।

## महाभारत का कनेक्शन?

ऐसा कहा जाता है और माना जाता है कि 'महाभारत' को घर में नहीं रखना चाहिए। इससे नकारात्मकता आती है। बीआर चोपड़ा ने 'महाभारत' धारावाहिक का निर्माण किया। यह धारावाहिक खूब लोकप्रिय हुआ और आज भी इसे लोग देखना पसंद करते हैं। कहा जाता है कि दूरदर्शन पर जब ये सीरियल आता था तो सड़कें सूनी हो जाया करती थीं। लेकिन, इस धारावाहिक के बाद बीआर फिल्म्स भी सूना सा हो गया। 'महाभारत' के बाद यह सर्वाइव नहीं कर सका। कहा यह भी गया है कि 'महाभारत' पर जिसने भी फिल्म या सीरियल बनाए, उनके साथ कुछ न कुछ अड़चनें आईं। एक उदाहरण बीआर फिल्म्स को भी माना जाता है।

## कुछ शर्तें, जो पसंद न आईं

बेशक बीआर चोपड़ा की फिल्में सिनेमा की दुनिया में सफलता की नई इबारत लिख रही थीं। लेकिन, कहा जाता है कि फिल्मों की ये सफलता कहीं न कहीं उनमें घमंड ला रही थीं। कहा जाता है कि 'नया दौर' के वक्त वे पूरी टीम के साथ एक कॉन्ट्रेक्ट साइन करना चाहते थे। इसके तहत वे सभी किसी और प्रोडक्शन हाउस के साथ काम नहीं कर सकते थे। यह प्रस्ताव लेकर बीआर चोपड़, रफी साहब के पास गए लेकिन रफी को बात समझ नहीं आई। उन्होंने बड़े सम्मान के साथ कहा कि वे जनता की आवाज हैं और वे हर निर्माता निर्देशक के लिए काम करेंगे। बस, यह बात चोपड़ा साहब को अखर गई और उन्होंने अपनी फिल्मों में रफी को ना लेने का निर्णय लिया। शायद इस तरीके ने भी कहीं न कहीं नेगेटिव प्रभाव छोड़ा।

## खबर संक्षेप



### वनडे रैंकिंग में हरमनप्रीत पहुंचीं नौवें स्थान पर

**दुबई।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गयीं जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है। इस तालिका में इंग्लैंड की नैट सिवर ब्रंट 760 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में हरमनप्रीत ने 63 गेंद में नाबाद 59 रन की पारी के साथ भारतीय टीम को मैच और श्रृंखला में जीत दिलायी थी। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियन का हिस्सा थी जिसे भारत ने 2-1 से जीता था। तीसरे स्थान इसी मैच में 100 रन की शानदार पारी खेलने वाली वामहस्त बल्लेबाज मंधाना 23 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 728 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। उनके और तीसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के बीच सिर्फ पांच रेटिंग अंक का फर्क है।

### शाह का उत्तराधिकारी कौन होगा, दो नाम सबसे आगे

**नई दिल्ली।** आईसीसी चेयरमैन के लिए नियुक्त होने के बाद जय शाह को बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ना होगा। जय शाह 1 दिसंबर को आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष पद ग्रहण करेंगे। वहीं, अगले बीसीसीआई सचिव का फैसला भी होना है। वर्तमान में बीसीसीआई सचिव को लेकर 2 नाम आगे चल रहे हैं। हालांकि कुछ दिनों में बोर्ड के नए सचिव का ऐलान कर दिया जाएगा। जेटली और पटेल में से कोई एक चुना जाएगा रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली और गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल पटेल में से कोई एक बीसीसीआई का अगला सचिव बन सकता है। सचिव की रेस में रोहन जेटली और अनिल पटेल का नाम सबसे आगे चल रहा है। माना जा रहा है कि नए सचिव के लिए कोई विशेष बैठक नहीं होगी, लेकिन रोहन जेटली का नाम अनिल पटेल से भी आगे चल रहा है।

### फिर चोटिल हुए ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार



**रियाद।** चोटिल होने के कारण 12 महीने तक बाहर रहने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने वाले ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार अपने दूसरे मैच में ही फिर से चोटिल हो गए। नेमार एएफसी चैंपियंस लीग एलीट वर्ग के इस मैच में सऊदी अरब के अपने क्लब अल हिलाल की तरफ से 58वें मिनट में मैदान पर उतरे लेकिन खेल समाप्त होने से तीन मिनट पहले उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऐसा लग रहा था कि पेनल्टी एरिया में गेंद पर कब्जा करने के लिए पांव फैलाने से उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया।

### पुरुष एचआईएल के पहला मैच 28 दिसंबर को

**नई दिल्ली।** दिल्ली एसजी पाइपर्स राउरकेला में 28 दिसंबर को शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग के पुरुष वर्ग के पहले मैच में विशाखापत्तनम फ्रेंचाइजी गोनासिका से भिड़ेंगे। इस फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट की सात साल बाद नए अंदाज में वापसी हो रही है। इस बार पुरुष और महिला वर्ग में प्रतियोगिताओं का आयोजन एक साथ किया जाएगा। पुरुष वर्ग में आठ टीम हिस्सा लेंगी जबकि महिला प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी और इसमें चार टीम हिस्सा लेंगी।



भारतीय ओलंपिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी को लिखा पत्र

# भारत में 12 साल बाद हो सकता है खेलों का महाकुंभ ओलंपिक, पेश की दावेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ ओलंपिक का आयोजन हर चार साल के अंतराल पर विभिन्न देशों में किया जाता है। हाल ही में पेरिस ओलंपिक 2024 का आयोजन सफल रहा है। अगला ओलंपिक साल 2028 में अमेरिका के लॉस एंजेलिस में खेला जाएगा। वहीं, 2036 में होने वाले ओलंपिक को लेकर भारत ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है। जी हां, भारतीय ओलंपिक संघ ने 1 अक्टूबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी को पत्र लिखा है। पत्र में 2036 में होने वाले ओलंपिक का आयोजन भारत में कराने का आग्रह किया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2036 में भारत में ओलंपिक कराने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं।



### ओलंपिक होने से भारत को बड़ा फायदा

अगर भारत को ओलंपिक 2036 की मेजबानी मिलती है तो इससे देश भर में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर पर्याप्त लाभ मिल सकता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लॉस एंजिल्स 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करेगा, और ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया, 2032 खेलों की मेजबानी करेगा।

### आईओए अध्यक्ष भी दे रहे समर्थन

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा है कि 2036 की मेजबानी के लिए अब तक डबल डीजिट में शहर रुचि जता चुके हैं। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने भी अपना समर्थन देते हुए कहा कि भारत के लिए ओलंपिक की मेजबानी की मजबूत मामला है, जिससे भारत की उम्मीदवारी और मजबूत हो गई है।

### भारत समेत 9 देश मेजबानी को तैयार

2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत समेत 9 देशों में प्रतिस्पर्धा है। इनमें मेक्सिको, इंडोनेशिया, तुर्की, पोलैंड, मिस्त्र और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। यदि भारत को 2036 ओलंपिक के लिए चुना जाता है, तो यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा, जो लाखों लोगों के सपने को साकार करेगा और भारत को वैश्विक खेल मंच पर मजबूती से स्थापित करेगा।

भारत-पाकिस्तान के खिलाड़ी रह चुके हैं एक टीम का हिस्सा

# एक टीम से खेलते नजर आएंगे विराट और बाबर आजम, एफ्रो-एशिया कप की हो सकती है वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ी एक साथ खेलते हुए नजर आ सकते हैं। एक बार फिर एफ्रो-एशिया कप की वापसी हो सकती है। अफ्रीका क्रिकेट काउंसिल ने इसको लेकर वार्षिक आम बैठक में टूर्नामेंट को दोबारा शुरू करने के लिए समितियां बनाई हैं। अगर ऐसा होता है तो बाबर आजम और विराट कोहली एक ही टीम से खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

### कैसा है यह टूर्नामेंट?

इस टूर्नामेंट में 2 टीमें- एशिया-11 और अफ्रीका-11 होती हैं। एशिया-11 में एशिया महाद्वीप के और अफ्रीका -11 में अफ्रीका महाद्वीप के खिलाड़ी खेलते हैं। इससे पहले यह टूर्नामेंट 2 बार खेला गया था। 2005 में पहली बार इसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। इसके बाद 2007 में इसे भारत में खेला गया था। 2009 में केन्या में इसका तीसरा संस्करण खेला जाना था। हालांकि, वह हो नहीं पाया था।

### शुरू हो सकती है अफ्रीका प्रीमियर लीग

एसीए के सीईओ कासिम सुलेमान के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग की तरह ही वह एक और छोटा टूर्नामेंट शुरू करने की भी योजना बना रहे हैं। इस टूर्नामेंट को उन्होंने अफ्रीका प्रीमियर लीग नाम रखा है। हालांकि, यह अभी योजना चरण में ही है।




### टूर्नामेंट का ऐसा रहा है इतिहास

साल 2005 में 3 मैचों की वनडे सीरीज हुई थी। 1 मैच एशिया-11 और 1 मैच अफ्रीका-11 ने जीता था। आखिरी मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था। 2007 के टूर्नामेंट में एशिया-11 का प्रदर्शन कमाल का रहा था। उसने वनडे सीरीज के सभी 3 मैच जीत लिए थे। एकमात्र टी-20 मैच में भी उसे ही जीत मिली थी। 2005 में एशिया-11 के कप्तान इंजमाम-उल-हक थे। 2007 में कप्तानी महेला जयवर्धने ने की थी। टी-20 के कप्तान शोएब मलिक थे।

### भारत-पाक के खिलाड़ी खेले थे साथ

वर्ष 2005 में एशियाई टीम की अगुआई पाकिस्तान के कप्तान इंजमाम उल हक ने की थी और इसमें राहुल द्रविड़, आशीष नेहरा और अनिल कुंबले जैसे भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली थी। एशिया की 2007 की टीम में महेंद्र सिंह धोनी, सौरव गांगुली, हरभजन सिंह, जहीर खान, युवराज सिंह, वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर जैसे भारतीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जबकि पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद यूसुफ और शोएब अख्तर ने किया था।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

### अक्टूबर के लिए रबाडा समेत ये खिलाड़ी हुए नामित



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अक्टूबर महीने के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को नामित किया है। उनके साथ-साथ न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर और पाकिस्तान के नोमान अली को भी नामांकित किया गया है। इन खिलाड़ियों ने अक्टूबर के महीने में शानदार प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ महिला वर्ग में इस बार न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट व वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की डिआंड्रा डोटिन को नामांकित किया है। रबाडा ने बांग्लादेश के खिलाफ किया था उम्दा प्रदर्शन रबाडा ने पिछले महीने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उम्दा गेंदबाजी की थी। इस अनुभवी गेंदबाज ने 2 मैचों में 9 की शानदार औसत के साथ 14 विकेट लिए थे। रबाडा ने शेरे बांग्ला स्टेडियम में हुए पहले टेस्ट में कुल 9 विकेट लिए थे। मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली थी। दूसरे मैच में उन्होंने कुल 5 विकेट चटकाए थे और दक्षिण अफ्रीका ने वो मैच भी जीता था।

मुक्केबाजी

# मनदीप ने डब्ल्यूबीएफ का विश्व खिताब जीता



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पेशेवर मुक्केबाज मनदीप जांगड़ा ने केमैन आइलैंड में ब्रिटेन के कोनोर मैकिन्टोश को हराकर विश्व मुक्केबाजी महासंघ का सुपर फेदरवेट विश्व खिताब जीता।

पूर्व ओलंपिक रजत पदक विजेता रॉय जोन्स जूनियर से प्रशिक्षण लेने वाले 31 वर्षीय जांगड़ा ने अपने पेशेवर करियर में अब तक केवल एक हार का सामना किया है। ब्रिटिश मुक्केबाज के खिलाफ मुकाबले में अधिकतर राउंड में उनका पलड़ा भारी रहा। जांगड़ा ने शुरू से ही दमदार मुक्के जमाए और पूरे 10 राउंड में अपना दमखम बरकरार रखा। दूसरी तरफ ब्रिटिश मुक्केबाज को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा। कॉनर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जांगड़ा ने अधिकतर राउंड में बढ़त बनाए रखी।

### मेरे कॅरियर की सबसे बड़ी जीत : जांगड़ा

जांगड़ा ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैंने इसे हासिल करने के लिए वर्षों तक कड़ी मेहनत की। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं देश का नाम रोशन कर सका। हरियाणा के रहने वाले जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया।

### पहले दौर में एरिगैसी का सामना गुजराती से

चेन्नई। दुनिया के चौथे नंबर के भारतीय ग्रैंडमास्टर और शीर्ष वरीय अर्जुन एरिगैसी चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत हमवतन विदित गुजराती के खिलाफ करेंगे। एरिगैसी 2800 ईएलओ रेटिंग अंक को पार करने के बाद भारत में पहली बार खेलेंगे। आठ खिलाड़ियों के बीच होने वाली इस क्लासिकल प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में अरविंद चिदंबरम का सामना ईरान के अमीन ताबाताबेई से, वाचिएर लाग्रेव मैक्सिम का सामना मघसूदलू परम से और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर लेवोन एरोनियन का सामना एलेक्सी शिरोव से होगा।

टेनिस टूर्नामेंट

# सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल के अंतिम चार में प्रवेश किया



एजेंसी ▶▶| रियाद

आर्यना सबालेंका ने ग्रुप चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज करके दुनिया की चोटी की आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे डब्ल्यूटीए फाइनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 7-5 से पराजित किया। उन्होंने पहले सेट में बेहतरीन शुरुआत करते हुए 4-0 की बढ़त बनाकर इसे आसानी से अपने नाम किया और फिर दूसरे सेट में दो सेट प्वाइंट बचाकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित की।

### सबालेंका का सामना आज एलेना से

सबालेंका ग्रुप के अपने अंतिम लीग मैच में बुधवार को एलेना रयबाकिना का सामना करेगी जो सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के आखिरी मैच में जीत दर्ज करने से वह अपने करियर में पहली बार साल के अंत में नंबर एक रैंकिंग पक्की कर लेंगी।

**सबालेंका ने 23 में 22 मुकाबले जीते :** सबालेंका ने अपने पिछले 23 मैचों में से 22 में जीत हासिल की है और पिछले चार टूर्नामेंटों में से तीन में वह चैंपियन बनी।

### नोवाक जोकोविच चोट के बाद एटीपी फाइनल्स से हटे



**बेलग्रेड (सर्बिया)।** नोवाक जोकोविच एटीपी फाइनल्स के अपने खिताब का बचाव नहीं करेंगे क्योंकि चोट के कारण उन्होंने मंगलवार को इस प्रतियोगिता से हटने की घोषणा की। सत्र में आखिर में आयोजित होने वाला यह टूर्नामेंट रविवार से इटली के तूरिन में खेला जायेगा। जोकोविच ने रिकॉर्ड सात बार इस खिताब को जीता है। उन्होंने पिछले साल फाइनल में यानिक सिनर को हराया था। सिनर मौजूदा समय में शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी है। जोकोविच ने कहा, " इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेरी शुभकामनाएं। जल्द मिलते हैं। मैं वास्तव में इसमें भाग लेने का इंतजार कर रहा था लेकिन चोट के कारण अगले सप्ताह नहीं खेल पाउंगा।

### भारतीय खिलाड़ियों ने एशिया पिकलबॉल खेलों में पांच स्वर्ण सहित 14 पदक जीते

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ियों ने हाल ही में ताइवान में आयोजित एशिया पिकलबॉल खेलों में पांच स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। नितीन कीर्तने ने 50+ ओपन पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि विशाल जाधव ने 35+ ओपन पुरुष एकल में रजत पदक हासिल किया। खुशी सचदेवा और श्रद्धा दमानी क्रमश: 4.0 वर्ग में 19+ और 35+ महिला एकल में रजत पदक अपने नाम करने में सफल रहे। संदीप तावड़े ने 4.0 वर्ग में 50+ पुरुष एकल में दूसरा स्थान हासिल किया। कीर्तने और तावड़े की जोड़ी ने 50+ ओपन पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता।

#### इन खिलाड़ियों ने भी हासिल की जीत

वंशिक कपाड़िया और तेजस महाजन ने 19+ ओपन पुरुष युगल में शीर्ष स्थान हासिल किया। कपाड़िया और वृषाली ठाकरे ने भी 19+ ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता। जाधव और ईशा लखानी ने 35+ ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता। अभिषेक देथन (35+ पुरुष एकल में 4.0), जोहानन फर्नांडीस (35+ ओपन महिला एकल), ठाकरे और सचदेवा की जोड़ी (19+ ओपन महिला युगल), दमानी और फर्नांडीस की जोड़ी (35+ महिला युगल 4.0) और चेतन सानिल और तावड़े की जोड़ी (50+ पुरुष युगल 4.0) ने देश के लिए कांस्य पदक जीते।

# 'घायल शेर' भारत से बचकर रहना होगा हेजलवुड ने अपनी टीम को चेताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई पेसर जोश हेजलवुड ने अपनी टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर आगाह किया है। हेजलवुड ने कहा कि न्यूजीलैंड से सीरीज गंवाने के बाद टीम इंडिया घायल शेर की तरह है, इससे बचकर रहना होगा।

न्यूजीलैंड ने भले ही भारत को 3-0 से हराकर घरेलू मैदान पर पहली बार टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया हो, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई पेसर जोश हेजलवुड बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले भारतीय टीम की इस हार को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रहे। 33 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपनी टीम को आगाह किया है। उन्होंने कहा कि भारत घायल शेर है और इससे बचकर रहना होगा।




### सीरीज हार से भारत का विश्वास हिला

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हार से भारत का विश्वास जरूर हिला होगा। टीम इंडिया के कुछ खिलाड़ी यहां खेल चुके हैं लेकिन कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनको यहां खेलने का अनुभव नहीं। इसलिए उन्हें ये नहीं पक्का होगा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में कैसी चुनौती मिलेगी। परिणाम यकीनन हमारे लिए अच्छा होगा।

### किसी सोए हुए दिग्गज को जगाने जैसा

हेजलवुड ने न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड मैच के बाद कहा, ऐसा कहा जा सकता है कि यह किसी सोए हुए दिग्गज को जगाने जैसा है। मुझे लगता है कि भारत घायल शेर की तरह वापसी के लिए तैयार होगा। सीरीज शुरू होने पर ही हमें पता चलेगा की चीजें कैसे आगे बढ़ रहीं।

पेरिस ओलंपिक : सामने आई मेडिकल रिपोर्ट

# महिला नहीं, पुरुष हैं स्वर्ण जीतने वाली इमान खलीफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अल्जीरियाई मुक्केबाज इमान खलीफ ने पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने प्रतियोगिता में महिलाओं के 66 किलोग्राम भारवर्ग में इटली की एंजेला कैरिनी के खिलाफ सिर्फ 46 सेकेंड में ही जीत दर्ज की थी। इसके बाद खलीफ के महिला होने पर सवाल उठाए गए थे। अब एक मेडिकल रिपोर्ट ने सबको चौंका दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि खलीफ के अंदर पुरुषों वाले अंग हैं।

### रिपोर्ट में क्या है?

फ्रांसीसी पत्रकार जाफर ऐत औदिया द्वारा प्राप्त मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया है कि खलीफ 5-अल्फा रिडक्टेस की कमी से प्रभावित थी, जो यौन विकास का एक विकार है और आनुवंशिक पुरुषों में पाया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार खलीफ के पास आंतरिक अंडकोष और एक्स वाय गुणसूत्र हैं। ये रिपोर्ट जून 2023 में फ्रांस के क्रेमलिन-बिसेट्रे अस्पताल और अल्जीरिया के मोहम्मद लामिन देबाघिन अस्पताल के बीच सहयोग के माध्यम से तैयार की गई थी।



### खलीफ में नहीं है कोई गर्भाशय

रिपोर्ट में बताया गया है कि खलीफ में कोई गर्भाशय नहीं है, बल्कि उनके अंदर बढ़े हुए क्लिटोरिस जैसा दिखने वाला एक माइक्रोपेनिस है। खलीफ का हार्मोन परीक्षण भी किया गया, जिसमें पाया गया कि उनका टेस्टोस्टेरोन स्तर पुरुषों के समान था।

### आईबीए कर चुका है बैन

साल 2023 से ही खलीफ पर पुरुष होने के आरोप लगे थे। इस वजह से उन्हें वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले से पहले इंटरनेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन ने बाहर कर दिया था। आईबीए ने 2023 में उन्हें बाहर करने के बाद बताया था कि डीएनए टेस्ट के दौरान खलीफ के शरीर में एक्स वाय क्रोमोजोन्स पाए गए थे। जो पुरुषों में होते हैं। आईबीए ने खलीफ के शरीर में बहुत ज्यादा मात्रा में टेस्टोसटेरोन होने का हवाला दिया था।

### विवादों के बावजूद जीता स्वर्ण पदक

हालांकि, इन सब विवादों के बावजूद आईओसी से समर्थन मिलने के बाद खलीफ ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने फाइनल मुकाबले में चीनी मुक्केबाज को हराया था। उनके स्वर्ण पदक को लेकर काफी विवाद हुआ था।

हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र
NAMASTE RAJASTHAN
# नमस्ते राजस्थान
खबरों की सत्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता
E-MAIL
namasterajasthan11@gmail.Com
nrnews100@gmail.com
राजस्थान
08
भीलवाड़ा
बुधवार 6 नवंबर, 2024

‘रायसीना डाउन अंडर’ के उद्घाटन सत्र में बोले विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर

# क्वाड सदस्य देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंध बहुत हद तक बढ़े भारत और चीन की सेना का सीमा से पीछे हटना एक सकारात्मक संकेत

नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत में तेजी से बढ़ती चीन की आक्रामकता और यूक्रेन व पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच मंगलवार को कैनबरा में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ‘रायसीना डाउन अंडर’ संवाद के उद्घाटन सत्र में दुनिया में बढ़ती बहुध्रुवीयता, क्वाड और ब्रिक्स जैसे समूहों की अहमियत, चीन के साथ खत्म हुए एलएसी विवाद सहित कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर पूछे गए प्रश्नों पर बड़ी बेबाकी के साथ अपना और भारत का पक्ष सबके सामने रखा। इसमें सबसे पहले उन्होंने अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे चार देशों के समूह क्वाड और रूस, चीन, भारत और दक्षिण अफ्रीका के ब्रिक्स समूह पर टिप्पणी करते हुए इन दोनों के महत्व को विस्तार रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि क्वाड समूह ने जिस तरह से कुछ समय पहले काम करना शुरू किया है। वह काफी महत्वपूर्ण है। उससे भारत के क्वाड देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार हुआ है। इसमें सबसे ज्यादा परिवर्तन ऑस्ट्रेलिया के साथ देखने को मिल रहा है। लेकिन भारत का ब्रिक्स के अलावा क्वाड में शामिल होने का यह अर्थ कतई नहीं है कि वो पश्चिमी खेमे में शामिल हो गया है।

**डॉ. जयशंकर ने क्वाड देशों की अहमियत को रेखांकित करते हुए कहा कि सबसे अधिक बदलाव ऑस्ट्रेलिया के साथ हुआ है। दोनों देश वार्षिक शिखर सम्मेलन की प्रथा पर सहमत हुए हैं**

## हिंद-प्रशांत में सहयोग और व्यापार समझौता बढ़ा
## ऑस्ट्रेलिया ‘फर्स्ट नेशंस बिजनेस मिशन' भेजेगा



### संतुलन की आवश्यकता

*चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में समाप्त हुए एलएसी विवाद के मुद्दे पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और चीन को प्रभाव और गतिविधियों को देखते हुए यह समझना काफी जटिल है कि आंतरिक मुद्दों और सीमाई मसलों पर आप कैसे संतुलन बनाने में सफल होते हैं? हकीकत में देखें तो भारत और चीन के सामने कई जटिल मुद्दे हैं। जिनके लिए बहुत अधिक सोच और प्रबंधन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि देपसांग और डेमचौक में एलएसी से दोनों सेनाओं का पीछे हटना एक सकारात्मक संकेत है।*

### 48 बिलियन डॉलर पर पहुंचा व्यापार

जयशंकर ने कहा कि बीते करीब तीन वर्षों में पांचवीं बार वह ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर आए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी की गुणवत्ता बेहतर हुई है। साथ ही हिंद-प्रशांत में सहयोग बढ़ा, शिक्षा में सहयोग मजबूत हुआ और व्यापार समझौता भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत का ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार 48 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वोंग ने घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया अगले साल पहली बार भारत में ‘फर्स्ट नेशंस बिजनेस मिशन' भेजेगा। यह मिशन ‘फर्स्ट नेशन' व्यवसायों को विदेशों में नए बाजारों में बढ़ावा देगा।

### ब्रिक्स में शामिल गैर-पश्चिमी देश

विदेश मंत्री ने कहा कि संबंधों के पीछे देशों के इतिहास को समझना जरूरी है। ऑस्ट्रेलिया का अमेरिका के एक संधि भागीदार का इतिहास है। हमारा ऐसा नहीं है। वहीं क्वाड और ब्रिक्स जैसे समूह के मामले में हर समूह का अपना अलग महत्व और प्रासंगिकता है। लेकिन इनमें से कोई भी एक दूसरे के खिलाफ नहीं है। क्वाड हिंद-प्रशांत से जुड़ा हुआ है। वहीं, ब्रिक्स में ज्यादा वो बड़े देश हैं जो गैर पश्चिमी हैं।

### रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 15वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता के लिए अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेन्नी वोंग से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। यह मजबूत राजनीतिक संबंधों, मजबूत रक्षा और सुरक्षा सहयोग, विस्तारित व्यापार, अधिक गतिशीलता और गहरे शैक्षिक संबंधों में परिलक्षित होता है।



### ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री मार्लेस से मुलाकात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ हिंद-प्रशांत और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर अपने विचार साझा किए। दोनों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी में मजबूत गतिशीलता को लेकर बातचीत की।



## खबर संक्षेप

### गूगल मैप्स से अब और आसान होगी ड्राइविंग




**न्यूयॉर्क।** गूगल मैप्स एक बड़ा अपडेट ला रहा है। इससे खासकर शहरों में ड्राइविंग को आसान बनाया जा सकेगा। अगले महीने से लेन गाइडेंस का यह अपडेट यह दिखाएगा कि मोड़ के लिए आपको किस लेन में रहना चाहिए। इसके साथ ही अहम विवरण जैसे कि जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक साइन, और लेन के नियम दिखाएगा। यह फीचर शुरू में नवंबर से अमेरिका के 30 बड़े शहरों में एंड्रॉइड और आईओएस पर उपलब्ध होगा।

### मालदीव ने अपने पाक उच्चायुक्त को बुलाया



**माले।** मालदीव ने पाकिस्तान में मौजूद अपने हाई कमिश्नर मोहम्मद तोहा को वापस बुलाने बुलाने का फैसला किया है। तोहा ने 1 नवंबर को इस्लामाबाद में तालिबान के डिप्लोमैट सरदार अहमद शाकीब से मुलाकात की थी। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने अपने हाई कमिश्नर को इस बैठक की इजाजत नहीं दी थी। इसी वजह से सरकार ने उन्हें वापस बुलाने का फैसला किया है।

सुरक्षाबलों और आंतकियों के बीच मुठभेड़

## बांदीपोरा में एक आतंकी ढेर एक की तलाश में जुटी पुलिस



एजेंसी श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा के केटसन में मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों सुरक्षाबलों की ओर से यह एक्शन तब लिया गया, जब उन्हें आतंकियों के वहां होने की गुप्त सूचना मिली थी।

जानकारी पर उन्होंने इलाके की घेराबंदी की, जिसके बाद केटसुना इलाके के पास चूंटपाथरी वन क्षेत्र में आतंकवादियों को घेरा गया। दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ हुई और फायरिंग के दौरान एक आतंकवादी ढेर कर दिया गया। हालांकि, मृतक की फिलहाल शिनाख्त नहीं की जा सकी है।

### आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार

मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में पुलिस स्टेशन हंदवाड़ा के बोंगम चोगुल जंक्शन पर घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान, पुलिस ने 22आरआर और 92 बीएन सीआरपीएफ के साथ मिलकर एक आतंकवादी सहयोगी आशिक हुसैन वानी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और सात जिंदा राउंड बरामद की गई। जिसके बाद इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत तहत एफआईआर नंबर 200/2024 दर्ज कर दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

### आगर जिले का जवान शहीद, अंतिम संस्कार आज

*मप्र के आगर जिले के सैन्य जवान बद्रीलाल यादव (32) जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सड़क हादसे में शहीद हो गए। हादसा सोमवार रात 8.40 बजे हुआ। बद्रीलाल सेना की खराब गाड़ी को टोचन कर यूनिट लौट रहे थे, तब उनकी गाड़ी अचानक फिसलकर खाई में जा गिरी। मंगलवार को उनका शव इंदौर एयरपोर्ट लाया गया। बुधवार को आगर जिले के गांव नरवल में अंतिम संस्कार किया जाएगा।*



कनाडा में हिंदुओं के खिलाफ चल रही हिंसात्मक गतिविधियों के बारे में बताएंगे

# विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति के समक्ष आज जानकारी देंगे विदेश सचिव

नई दिल्ली

सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के संबंधों में लगातार बढ़ते तनाव के बीच विदेश सचिव विक्रम मिसरी बुधवार, 6 नवंबर को संसद की विदेश मामलों की स्थायी समिति को विस्तार से जानकारी देंगे। इस समिति की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मिसरी संसदीय समिति के सामने मामले पर केंद्र सरकार के मौजूदा पक्ष के अलावा आपसी संबंधों में आई गिरावट से लेकर कनाडा में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के खिलाफ चल रही हिंसात्मक गतिविधियों के बारे में भी बताएंगे। इसके अलावा पिछले अक्टूबर महीने में चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) विवाद से जुड़े हुए बाकी बचे हुए इलाकों में तनाव खत्म करने के लिए हुए समझौते के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई तब्दीली को लेकर भी विदेश सचिव संसदीय समिति को सूचित कर सकते हैं।

> समिति की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर कर रहे हैं। मिसरी संसदीय समिति के सामने पिछले अक्टूबर महीने में चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) विवाद से जुड़े हुए बाकी बचे हुए इलाकों में तनाव खत्म करने के लिए हुए समझौते के बाद दोनों देशों के संबंधों में आई तब्दीली को लेकर भी विदेश सचिव संसदीय समिति को सूचित कर सकते हैं

**पीएम मोदी से कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने किया था आग्रह**

*इजराइल-हमास युद्ध की 25 अक्टूबर को संसदीय समिति को जानकारी दी थी*



### फिलिस्तीन के मुद्दे पर भी बताया पक्ष

यहां बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब विदेश सचिव ने मंत्रालय की विदेश मामलों की संसदीय समिति के समक्ष दुनिया के किसी और देश के साथ बने हुए भारत के तनावपूर्ण संबंधों या किसी अन्य भाग में जारी संघर्ष को लेकर बने हुए भारत के रुख को प्रस्तुत किया हो। इससे पहले इजराइल-हमास युद्ध के बीच मिसरी ने पिछले महीने 25 अक्टूबर को संसदीय समिति को जानकारी दी थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत फिलिस्तीन के मामले पर द्विराष्ट्र समाधान के पक्ष में है। भारत द्वारा दिया गया यह समाधान मूलरूप से एक ऐसे फिलिस्तीन की स्थापना पर बल देता है जो एक सुरक्षित और मान्यता प्राप्त सीमाओं के अंदर इजरायल के साथ शांति से रह सके।

### संसदीय समिति में कुल 31 सदस्य

विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति की अध्यक्षता कांग्रेस नेता शशि थरूर कर रहे हैं। इसमें कुल 31 सदस्य हैं। जिसमें लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य शामिल हैं। इसके अलावा समिति के सदस्यों में विभिन्न राजनीतिक दलों के हिसाब से भागीदारी देखें तो भाजपा के 14, कांग्रेस के 4, सपा के 2, एआईटीसी के 2, सीपीआईएम के 2, डीएमके का 1, एसएस (यूबीटी) का 1, वाईएसआरसीपी का 1, आरजेडी का 1, आईयूएमएल का 1, एआईएमआईएम का 1 सदस्य इसमें शामिल है।

### कांग्रेस ने की थी मांग

कनाडा के मामले पर संसदीय समिति के सामने सरकार का पक्ष जानने की मांग कांग्रेस ने की थी। पूर्व में कांग्रेस के नेता और मीडिया प्रमुख जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट के जरिए कहा था कि कांग्रेस निश्चित रूप से उम्मीद करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत-कनाडा संबंधों के इस बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण मुद्दे पर संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं और अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं को विश्वास में लेंगे।



केसर से महक रहा कश्मीर

**पंपोर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले के पंपोर में किसान कटाई के मौसम के दौरान केसर के फूलों से मसाले की किस्में अलग करते हैं। दुनिया की सबसे महंगी प्रजातियों में से एक कश्मीरी केसर अपनी गुणवत्ता के कारण दुनिया भर में मशहूर है। ऐसा कहा जाता है कि केसर के धागों में सूर्य जैसा गहरा रंग और उसकी ऊर्जा के साथ-साथ अमरता के रहस्य भी छिपे होते हैं।

गलत जानकारी की शिकायतें

## कानूनी विवाद पर केंद्र का विकिपीडिया को नोटिस

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने विकिपीडिया को नोटिस भेजा है। सरकार को विकिपीडिया पर पक्षपात और गलत जानकारी की शिकायतें मिली हैं। यह नोटिस मंगलवार को जारी हुआ। सरकार ने पूछा है कि क्या विकिपीडिया सिर्फ एक माध्यम है या प्रकाशक? विकिपीडिया खुद को फ्री ऑनलाइन एनसाइक्लोपीडिया बताता है।



कोई भी विकिपीडिया पर एडिट पेज बना या एडिट कर सकता है। लेकिन भारत में विकिपीडिया पर गलत और मानहानिकारक सामग्री के आरोप लगे हैं। इसके कारण विकिपीडिया कई कानूनी मामलों का सामना कर रहा है। सरकार ने कानूनी विवाद के बीच ऑनलाइन इनसाइक्लोपीडिया विकिपीडिया को नोटिस भेजा है।

भारत-अल्जीरिया के बीच ऐतिहासिक समझौता

## रक्षा शाखा फिर से की स्थापित, कूटनीतिक सैन्य एवं रणनीतिक सहयोग को दिया विस्तार

एजेंसी नई दिल्ली

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान अल्जीरिया के साथ रक्षा सहयोग के लिए ऐतिहासिक समझौता करके मंगलवार को भारत लौटे। सीडीएस जनरल अनिल चौहान पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ अल्जीरिया के चार दिवसीय दौरे पर गए थे। इस दौरान उन्होंने भारतीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यह यात्रा भारत-अल्जीरिया संबंधों को और सशक्त करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा थी, जिसमें हाल के वर्षों में विशेष रूप से व्यापार, शिक्षा, प्रौद्योगिकी एवं रक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ा है।



**शांतिपूर्ण समाधान को भारत का समर्थन**

### विश्व बंधु की तरह जुड़ेंगे

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने वैश्विक संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान करते हुए कहा कि भारत हमेशा से वैश्विक संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता रहा है। भारत ने अल्जीरिया में अपनी रक्षा शाखा को फिर से स्थापित किया है और भारत में अल्जीरिया की रक्षा शाखा को फिर से खोलने का स्वागत किया है।